डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-5

सिनेमा- इस शुक्रवार बड़े पर्दे पर होगी दो वैज्ञानिक के बीच टक्करी

वर्ष -08 अंक -106 | प्रयागराज, शुक्रवार 01 जुलाई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में मानसून की आहट, बारिश से राहत, पंजाब हरियाणा, पूर्वी और पश्चिमी यूपी के लिए अलर्ट

**नई दिल्ली ।** पूर्वी यूपी में आज भारी बारिश हो सकती है, इसलिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पश्चिमी यूपी में गुरुवार और शुक्रवार को तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लिए आज वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो देश के अधिकतर हिस्सो में मानसून ने दस्तक दे दी है। कहीं झमाझम बारिश हो रही है तो कहीं रिमझिम। गुरुवार सुबह राजधानी दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में बारिश से उमस व गर्मी से राहत मिली। देश के बचे भागों को भी मानसून जल्द भिगोएगा। राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पूर्वी व पश्चिमी यूपी में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किए गए हैं। पूर्वी यूपी में आज भारी बारिश हो सकती है, इसलिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पश्चिमी यूपी में गुरुवार और शुक्रवार को तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लिए आज वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब के भी कुछ हिस्सों में आंधी तूफान और गरज के साथ भारी वर्षा की संभावना है। रेड अलर्ट भारी बारिश के खतरे की आशंका का और ऑरेंज अलर्ट मौसमी खतरों को लेकर सावधानी का सूचक है। बीते कुछ दिनों से बारिश व मानसून का इंतजार कर रहे दिल्ली के लोगों के लिए गुरुवार सुबह राहत की बूंदें बरसीं। मौसम विभाग का अनुमान सटीक निकला, हालांकि इसे मानसून की दस्तक माना जाएगा या नहीं यह झमाझम बारिश व उसकी निरंतरता पर निर्भर करेगा। विभाग ने दिल्ली में आजकल में मानसून की दस्तक का अनुमान जताया है।

## भारत बोला- रूस-यूक्रेन युद्ध में आसान निशाना बन रहे शहरी क्षेत्र

**नई दिल्ली ।** भारत ने कहा, इस युद्ध के कारण बहुत से लोगों की जान गई है और महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से परेशानियां खड़ी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध 126वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस बीच, एक दिन पूर्व क्रैमेंचक के शॉपिंग मॉल में हुए हमले के पीडि़तों ने बुधवार को कहा, एक राक्षस ही मॉल पर ऐसा हमला कर सकता है। उधर,



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा, युद्ध में शहरी क्षेत्रों के अहम नागरिक ठिकाने आसान निशाना बनते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन मामले पर भारत के स्थायी उप प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने कहा, इस युद्ध के कारण बहुत से लोगों की जान गई है और महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से परेशानियां खड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें पड़ोसी देशों में शरण लेनी पड़ी है। रवींद्र ने कहा, यूक्रेन के हालात पर भारत बेहद चिंतित है। राजनीतिक और शांति प्रयास मामलों की उप सचिव रोजमेरी डि कालो ने यूक्रेन के क्रैमेंचक शहर में रूस द्वारा मॉल पर किए गए मिसाइल हमले में मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई। परिषद की इस बैठक को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। फरवरी में युद्ध शुरू होने के बाद यह दूसरा मौका था जब जेलेंस्की ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद के सामने सीधे तौर पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, रूस लगातार आतंकी कार्रवाई कर रहा है। उसे ऐसी हरकतों से रोकने के लिए विश्व समुदाय को आगे आना होगा।

## मैं समंदर हूं, लौटकर वापस आऊंगा


**नई दिल्ली ।** साल 2019 में महाराष्ट्र में सरकार नहीं बनने के कारण विधानसभा के विशेष सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का शायरना अंदाज देखने को मिला था। उन्होंने खास अंदाज में विपक्ष पर तंज कसा था। साल 2019 में भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना ने जब मिलकर चुनाव लड़ा था और परिणाम आने के



बाद एकदम तय माना जा रहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की सरकार बनेगी। इसके बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी भी तेज हो गई थी। लेकिन दोनों पार्टियों के बीच मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर अनबन बढ़ गई थी। शिवसेना चाहती थी कि उसकी पार्टी से कोई नेता मुख्यमंत्री बने लेकिन भाजपा सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते दावेदारी ठोक रही थी। इसके बाद हुआ वही जो होना था। दोनों पार्टियों के बीच मतभेद इस कदर बढ़ा कि राज्य में तीसरे और चौथे नंबर पर रही पार्टी एनसीपी और कांग्रेस ने शिवसेना को समर्थन देकर सरकार बना ली और सीएम पद के लिए शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे को चुन लिया गया। इसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का शायरना अंदाज देखने को मिला। उन्होंने खास अंदाज में विपक्ष पर तंज कसा। फडणवीस ने उस समय कहा था, 'मेरा पानी उतरता देख, मेरे किनारे पर घर मत बसा लेन मैं समंदर हूं, लौट कर वापस आऊंगा।' बता दें जिस दिन फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था, तब उनकी पतनी अमृता फडणवीस ने भी शेर के माध्यम से वापसी की बात कही थी। वहीं फडणवीस के शेर पढ़ने के बाद भाजपा विधायकों ने मेज थपथपाकर उनका अभिवादन किया। हालांकि इस दौरान सत्ता पक्ष के कई विधायक हंसते नजर आए। महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के फडणवीस को नेता प्रतिपक्ष चुना गया है।

## नैतिक परीक्षा में ही ऑडिटरों की धोखाधड़ी 790 करोड़ का लगा जुर्माना

**नई दिल्ली ।** एसईसी ने अपने आदेश में कहा, अर्न्स्ट एंड यंग ने न सिर्फ जांचकर्ताओं को गुमराह किया बल्कि सुबूत छिपाकर सार्वजनिक लेखा नियमों का भी उल्लंघन किया। जांच में सामने आया कि फर्म के 49 ऑडिटरों को पहले ही परीक्षा कुंजी मिल गई थी, जो उन्होंने दूसरों से भी साझा कीदुनिया की सबसे बड़ी ऑडिटिंग फर्म अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) के ने पेशेवर लाइसेंस बरकरार रखने के लिए होने वाले इम्तिहान में 2017-2021 तक लगातार नकल की।कंपनी को पता था, लेकिन उसने जांच के दौरान इसका खुलासा नहीं किया। इसके चलते नियामक ने किसी ऑडिटिंग फर्म पर अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना ठोका है। एसईसी ने अपने आदेश में कहा, अर्न्स्ट एंड यंग ने न सिर्फ जांचकर्ताओं को गुमराह किया बल्कि सुबूत छिपाकर सार्वजनिक




सैकड़ों ऑडिटरों के नैतिक परीक्षा में धोखाधड़ी करते पकड़े जाने पर फर्म 790 करोड़ जुर्माना भरेगी। अमेरिकी प्रतिभूति नियामक (एसईसी) के मुताबिक, फर्म के सैकड़ों ऑडिटरों लेखा नियमों का भी उल्लंघन किया। जांच में सामने आया कि फर्म के 49 ऑडिटरों को पहले ही परीक्षा कुंजी मिल गई थी, जो उन्होंने दूसरों से भी साझा की।

## निगेटिव होने के बाद भी थायरॉयड ग्रंथि पर सालभर चिपका मिला कोरोना

**नई दिल्ली ।** कोरोना संक्रमण से ठीक होने वाले मरीजों की थायरॉयड ग्रंथि पर एक साल तक वायरस चिपका मिला। इटली में मिलान विवि के शोधकर्ताओं ने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। अध्ययन के अनुसार जिन मरीजों में कोरोना संक्रमण का गंभीर रूप देखने को मिला था। उनमें पोस्ट कोविड के तहत लंबे समय तक संक्रमण का असर देखने को मिल रहा है। ये लोग निगेटिव होने के बाद भी पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। इनमें से कई लोगों में थायरॉयड ग्रंथि में संक्रमण की मौजूदगी पता चली है। शोधकर्ताओं ने कहा कि मध्यम से गंभीर संक्रमण के दौरान थायरॉयड ग्रंथि पर सूजन की स्थिति भी बन रही है। बढ़ जाता है हामीन असंतुलन अध्ययन में पाया कि हामीन असंतुलन आमतौर पर हल्का होता है लेकिन कोरोना के गंभीर मामलों में यह काफी बढ़ जाता है। मिलान विवि के इलारिया मुलर ने कहा, थायरॉइड ग्रंथि व संक्रमण के बीच स्पष्ट संबंध है। ऐसे में यह जानना महत्वपूर्ण है कि थायरॉयड हामीन रोग की गंभीरता से संबंधित है या नहीं: नए मरीज 25 फीसदी बढ़े देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में फिर से उछाल दर्ज किया गया। बीते एक दिन में संक्रमण के नए मरीजों में करीब 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इतना ही नहीं देश में कोरोना संक्रमण की दैनिक और साप्ताहिक संक्रमण दर भी लगभग एक बराबर पहुंच गई है जबकि जांच का दायरा अभी भी सीमित है। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, बीते 24 घंटों में कोरोना के 14,506 नए मामले सामने आए हैं जो कि मंगलवार की तुलना में लगभग 25ज्ञ् अधिक है। वहीं इस दौरान 30 मरीजों की जान चली गई।




## दिया बना ट्रेंडिंग हैशटैग, उद्धव सरकार गिरने के बाद यूजर्स के निशाने पर संजय राउत महाराष्ट्र

**मुम्बई ।** उद्धव सरकार गिरने के बाद सोशल मीडिया पर 'उखाड़ दिया' हैशटैग ट्रेंड करने लगा है। महाराष्ट्र में उद्धव सरकार गिरने के बाद सोशल मीडिया पर 'उखाड़ दिया' हैशटैग ट्रेंड करने लगा है। आम ट्विटर यूजर्स के साथ-साथ भाजपा नेता नितेश राणे, तेजिंदर बग्गा आदि ने भी इस हैशटैग के जरिए संजय राउत को निशाने पर लिया है। वहीं संजय राउत का एक पुराना बयान भी वायरल हो रहा है। दरअसल जब महाराष्ट्र में कंगना के घर पर जब बुलडोजर चला था तब संजय राउत ने कहा था कि 'उखाड़ दिया'। राउत का 'उखाड़ दिया' वाली टिप्पणी अखबार की सुखिऱ्यां भी बनी थी। वहीं घर टूटने के बाद कंगना ने उद्धव सरकार को श्राप भी दिया था और कहा था कि जिस तरह उनका घर टूटा है, उसी तरह उद्धव का घमंड भी टूटेगा। इसके बाद कंगना ने फिर बयान दिया था कि एक महिला का अपमान करने की सजा अघाड़ी सरकार को जरूर चुकानी होगी। अब सोशल मीडिया पर यूजर्स की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है एक यूजर ने तंज कसते हुए लिखा कि ढाई साल बाद आखिरकार महाराष्ट्र से महाविकास अघाड़ी सरकार को उखाड़ दिया गया।



## ऑपरेशन लोटस सफल: शाह की रणनीति आखिर फिर आई काम, उल्टा पड़ा शिवसेना का दांव

**मुम्बई ।** उद्धव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया है, उसे मानना पड़ेगा। मुझे मुख्यमंत्री पद छोड़ने की कोई चिंता, दुख नहीं है। मैं जो करता हूं शिवसैनिक, मराठी और हिंदुत्व के लिए करता हूं। मैं चुप बैठने वाला नहीं हूं। मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं बृहस्पतिवार से शिवसेना भवन में बैठूंगा। साल 2019 के बाद महाराष्ट्र के रूप में तीसरे राज्य में भाजपा का ऑपरेशन लोटस सफल रहा। हालांकि इस सूबे में पार्टी को इसके लिए करीब ढाई साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। दरअसल राजस्थान में ऑपरेशन लोटस की असफलता के बाद भाजपा ने महाराष्ट्र में तख्ता पलट के लिए धीरे-धीरे आगे बढ़ने की रणनीति बनाई। हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना में असंतोष भड़कने का इंतजार किया गया। शिवसेना के दो तिहाई से अधिक विधायक पार्टी का साथ छोड़ चुके थे। मुश्किल तब और बढ़ गई जब सियासी जोर आजमाइश के बीच महाविकास आघाड़ी को समर्थन देने वाले छोटे दलों और निर्दलीयों ने साथ छोड़ना शुरू कर दिया। संख्या बल की दृष्टि से भाजपा अपने और निर्दलीय, छोटे दलों के साथ मिल कर सरकार बनाने की स्थिति में आ गई। सरकार बचाने के लिए शिवसेना ने अंत समय तक बगावती गुट में फूट डालने की कोशिश की। शिवसेना के 39 विधायकों ने बगावत की थी, मगर फूट डालने के लिए इनमें से महज 16 विधायकों को नोटिस भेजा गया। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। इसके उलट अघाड़ी सरकार को समर्थन देने वाले छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों ने भी उससे किनारा कर लिया। शिवसेना सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। उद्धव ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। धीरे-धीरे आगे बढ़ने की बनाई रणनीति साल 2019 में अजित पवार के जरिये एनसीपी में फूट डाल कर सरकार बनाने और बाद में पीछे हटने पर मजबूर हुई भाजपा ने राज्य में तख्ता पलट



के लिए धीरे-धीरे आगे बढ़ने की रणनीति बनाई। एक तरफ सरकारी जांच एजेंसियों ने अवैध कमाई करने वाले नेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की तो दूसरी तरफ पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना को हिंदुत्व के मुद्दे पर असहज किया। लगातार कोशिश की गई शिवसेना में अंतर्विरोध पैदा हो सके। स्पीकर की शक्तियों में दखल कैसे है बहुमत परीक्षण : सुप्रीम कोर्ट महाराष्ट्र में दस दिन से जारी सियासी संग्राम के बीच उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाविकास आघाड़ी सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी परदीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने प्रभु के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा की बहुमत परीक्षण बागी सदस्यों की अयोग्यता प्रक्रिया को कैसे प्रभावित करेगा या स्पीकर की शक्तियों में दखल कैसे है? पीठ ने कहा कि हमारी समझ से लोकतंत्र के मसलों को हल करने के लिए फ्लोर टेस्ट एकमात्र तरीका है। बहुमत परीक्षण नहीं तो आसमान नहीं टूट पड़ेगा : सिंघवी सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा, जिन्होंने पाला बदला है, वह जनता की मर्जी नहीं है। यदि कल (बृहस्पतिवार) बहुमत परीक्षण नहीं होगा तो आसमान नहीं टूट पड़ेगा। सिंघवी ने पीठ से कहा, इस सुपरसोनिक रफ्तार से फ्लोर टेस्ट कराने से घोड़ा तांगे के नीचे आ जाएगा। उन्होंने एनसीपी के दो विधायकों के कोरोना संक्रमित होने का भी हवाला दिया और कहा कि कांग्रेस के दो विधायक विदेश में हैं। तर्क दिया, फ्लोर टेस्ट की अनुमति देना 10वीं अनुसूची को निरर्थक बनाना है। अयोग्यता प्रक्रिया फ्लोर टेस्ट रोकने का आधार नहीं : कौल बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे के वकील एनके कौल ने तर्क दिया कि स्पीकर के समक्ष अयोग्यता प्रक्रिया लंबित होना फ्लोर टेस्ट कराने से रोकने का आधार नहीं है। लोकतंत्र में सदन के अंदर ही बहुमत का हल होता है। कौल ने कहा, उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना पार्टी में निराश अल्पमत वाला धड़ा है और बदले माहौल में बहुमत परीक्षण की जरूरत है। इसलिए राज्यपाल ने अपने विवेक से फ्लोर टेस्ट कराने का फैसला किया है। डरने वाला नहीं, नई शिवसेना करूंगा तैयार : उद्धव उद्धव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया है, उसे मानना पड़ेगा। मुझे मुख्यमंत्री पद छोड़ने की कोई चिंता, दुख नहीं है। मैं जो करता हूं शिवसैनिक, मराठी और हिंदुत्व के लिए करता हूं। मैं चुप बैठने वाला नहीं हूं। मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं बृहस्पतिवार से शिवसेना भवन में बैठूंगा। शिवसैनिकों से संवाद साधूंगा और एक नई शिवसेना तैयार करूंगा। शिवसेना ठाकरे परिवार की है और इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता। कई शिवसैनिकों को नोटिस भेजा गया है। मेरी शिवसैनिकों से अपील है कि जब वे (बागी विधायक) मुंबई आए तो कोई उनके सामने न आए। वे सड़कों पर न उतरें।



# लायंस क्लब इंटरनेशनल कन्वेंशन प्रयागराज बना कनाडा............

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की वार्षिक कन्वेंशन मोंट्रियल कनाडा में 28 जून को संपनन्हुई. वर्ष 2022-23 के मंडल अध्यक्ष के पद का शपथ ग्रहण समारोह हेतु भारतवर्ष के 60ज्ञ् मंडल अध्यक्ष निर्वाचित एवं दोनों अंतर्राष्ट्रीय निदेशक निर्वाचित एवं ÿ सौरभ कांत जी बहुत प्रयास के बाद भी वीजा न मिल पाने के कारण मॉन्ट्रियल नहीं जा सके, किंतु मोंट्रियल का शपथ ग्रहण उन्होंने प्रयागराज में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रयागराज में संपनन्कराया, साथ ही यहां की गतिविधियों का प्रसारण सभी लायंस शहभागी देशों तक प्रसारित किया गया .पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक डॉ जगदीश गुलाटी ने सीए सौरभ कांत को मंडल 321ई के अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण कराया.शपथ ग्रहण के बाद मंडल के विभिनन् शहरों से आए पूर्व मंडलअध्यक्ष अनिल तुलसियान,



सतीश श्रीवास्तव, कुंवर बी एम सिंह, नितिन यशार्थ, डॉ आर के एस चौहान ने माल्यार्पण कर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया. तत्पश्चात प्रतापगढ़, बनारस, सुल्तानपुर और प्रयागराज से आए लायन पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष को बधाइयां दी. समारोह में प्रथम महिला लायन राजुल कांत, उप मंडलअध्यक्ष प्रथम निर्वाचित लायन अजय मल्होत्रा, द्वितीय लायन बलवीर बग्गा, पी.आर.ओ लॉयन इरा ऋषि सेठी, संजीव लोगानी राजेंद्र गुप्ता एसोसिएट केबिनेट सेक्रेट्री हिमांशु गुप्ता, जगमोहन अग्रवाल, वीरेंद्र जायसवाल, डॉ अर्पण धर दुबे डिप्टी गवर्नर सतीश टंडन, मेयर अनिल जायसवाल, रेखा जायसवाल, संजय गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अनिल टंडन, डॉ एस के शुक्ला, राजन टंडन, डॉ आर के सिंह, प्रीति टंडन, अतुल मल्होत्रा, रीना कमलेश जयसवाल, अनुरागिनी सिंह, मनोज परिमिता खत्री, माला धीरेंद्र मिश्रा, दीपक अग्रवाल, उदय चंदानी, मिताली दत्ता, पंकज रस्तोगी, उमेश कक्कड़, वासु मध्यान, राधे मारवा आदि लोग उपस्थित रहे।

## यूपी सरकार ने हाईकोर्ट में दाखिल किया जवाब

**प्रयागराज ।** प्रयागराज के अटाला में 10 जून को जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के मुख्य आरोपी जावेद मोहम्मद पंप का मकान ढहाने के मामले में इससे पूर्व जस्टिस सुनीता अग्रवाल व जस्टिस विक्रम डी चौहान की खंडपीठ ने सुनवाई से इन्कार कर दिया था। याचिका जावेद की पतनी परवीन फातिमा ने दाखिल की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप का घर गिराने के मामले में उसकी पतनी परवीन फातिमा की याचिका पर आज उत्तर प्रदेश सरकार व प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से जवाब दाखिल किया गया। हाईकोर्ट के निर्देश पर 24 घंटे के अंदर जवाब दाखिल कर दिया गया। जवाब दाखिल कर सरकार व प्राधिकरण ने कहां है कि याची का घर पूर्ण रूप से अवैध था। कहा गया है कि घर का किसी प्रकार का कोई नक्शा पास नहीं था।

# शाहूजी महाराज जी ने नारी समाज में व्याप्त अशिक्षा को खत्म करने का बीड़ा उठाया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज ।**छत्रपति शाहू जी महाराज की 148वीं जयंती के पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मंत्री आशीष पटेल राजेश मिश्रा लखनऊ शाहूजी महाराज जी ने नारी समाज में व्याप्त अशिक्षा को खत्म करने का बीड़ा उठाया भारत के इतिहास में वह पहले राजा थे, जिन्होने 25 जुलाई 1917 को प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य एवं निःशुल्क कर दिया इसके पहले 1912 में लडकियों की शिक्षा पर विषेश जोर दिया था। 500 से 1000 तक की जनसंख्या वाले प्रत्येक गॉव में लडकियों के लिए स्कूल खुलवाया। ये बाते छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच एवं अनुसूचित जाति/जनजाति चिकित्सा शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शाहू जी महाराज जी की 148वीं जयंती के पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष पटेल मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण बाट एवं माप ने कही। उन्होने कहा कि 1920 में निःशुल्क छात्रावास खुलवाया उन छा.त्रावासों



का नाम प्रिंस शिवा जी मराठा फ्री बोर्डिग हाउस रखा था। हमारे देश में बहुत से राजे रजवाडे थे लेकिन शाहूजी महाराज जी ने जो कोल्हापुर राज्य में मानव व समाज हित में कार्य करते हुए नीव रखी कोल्हापुर ही नही पूरे देश में आज देखने को मिल रही है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित छत्रपति शाहूजी महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गयी। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि कौशल किशोर केन्द्रीय मंत्री, आवासन और शहरी कार्य, भारत सरकार ने शाहू जी महाराज को एक लोकप्रिय और दयालु व सदा हितकारी राजा की उपाधि से विभूषित किया। जयंती के अवसर पर अतिथियों द्वारा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित सदस्यों में डा0 नरेन्द्र कुमार, डा0 भूपेन्द्र कुमार, डा0 सतीश कुमार, डॉ0 राजेश वर्मा, डॉ0 रवि कुमार सिंह, डॉ0 संजीव कुमार, डॉ0 नीरज आनन्द, डॉ0 अम्बुज यादव, डॉ0 सुमित रूंगटा, डॉ0 अजय कुमार पटवा, डॉ0 जितेन्द्र राव, डॉ राकेश कुमार दीवान, डॉ0 शालिनी कौशल, शैलेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश राव, सुशील कुमार विद्यार्थी, अनिल कुमार सिंह, गौतम बाल्मिकी, पूनम बाला, राजेश कुमार सिंह, रमादेवी, राजेश सिद्धार्थ, राम पुकार प्रसाद, राम निवास पासवान, राजकुमार वर्मा, सुधाकर अहिरवार, राकेश कुमार रावत, पंकज प्रसून, राजेश कुमार, ज्योती अग्रवाल आदि लोगो को सम्मानित किया गया।

# निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त करने वाली लाभार्थी करायें आधार प्रमाणीकरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभाथिर्यों को आधार सीडिंग/आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आधार वेस भुगतान किया जाना हैं।उन्होंने बताया कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थी स्वयं अपना आधार प्रमाणीकरण यथाशीघ्र किसी भी इण्टरनेट साइबर कैफे, लोकवाणी केन्द्र, स्वयं मोबाइल के माध्यम, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय प्रतापगढ़ से आधार अपडेट/सस्पेक्टेड/किसी कारण त्रुटिवश मोबाइल नम्बर व आधार में फीडिंग गलत हो गया हो वे लाभार्थी कार्यालय में उपस्थित होकर आधार एवं मोबाइल अपडेट कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में योजना का लाभ दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

## पत्रकार बृजेन्द्र सिंह बब्लू मित्रों संग चले बर्फानी बाबा का दर्शन करने

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए जनपद प्रतापगढ़ से दर्शनार्थियों का जत्था पत्रकार बृजेंद्र सिंह बबलू के नेतृत्व में निकला। उनके साथ प्रवीण, धीरेंद्र सिंह धीरू ,जालिम सिंह ,शैलेंद्र सिंह सूरज श्रीवास्तव ,पन्नु सिंह, प्रवेश सिंह ,रामकृष्ण पांडेय, पिंटू सिंह, संजू सिन्हा आदि लोग बाबा बर्फ.ानी के दर्शन के लिए रवाना हुए ।इस अवसर पर बृजेंद्र सिंह बबलू सिंह ने कहा विगत 2009 से बाबा बर्फानी की दर्शन करके उन्होंने जीवन में बहुत कुछ सीखा है और उसे ही वह जीवन में उतारने का प्रयतन कर रहे हैं।

# बी0एड0संयुक्त प्रवेश परीक्षा हेतु स्टैटिक मजिस्ट्रेटों एवं केन्द्र प्रतिनिधि की हुई तैनाती

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने दिनांक 06 जुलाई 2022 को दो पालियों (प्रथम पाली पूर्वान्ह 9 बजे से दोपहर 12 बजे व द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपराह्न 5 बजे) में सम्पनन् होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0-2022 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पनन् कराने हेतु तथा कोषागार से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर अपने से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध कराने तथा परीक्षा सम्पनन् होने के उपरान्त कोषागार में जमा कराने हेतु जनपद से सम्बन्धित 31 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को नामित कर दिया है। सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता तथा शुचिता से सम्पनन् कराने के लिए ये उत्तरदायी होगें। जिला मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केन्द्रों पर 31 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 16 परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधि को नामित किया है। इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केन्द्रों हेतु 12 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 06 परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधि को रिजर्व के रूप में रखा है जो आवश्यकतानुसार/अपरिहार्य परिस्थिति में किसी भी परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी लगायी जा सकती है। उन्होने नामित परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधि को निर्देशित किया है कि उप नोडल समन्वयक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही पुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर निर्दिष्ट निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेगें। स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र पर ससमय उपस्थित रहकर परीक्षा को सकुशल, सम्पन्न करायेगें। परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधि के साथ पुलिस अधिकारी/पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) को जनपद में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0-2022 को सम्पन्न कराने हेतु नोडल/नगर प्रभारी नामित किया गया है जो सभी परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधि से सम्पर्क बनाये रखते हुये परीक्षा सकुशल तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायेंगे।

# पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के पदाधिकारियों ने किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात

(आधुनिक समाचार सेवा)
राकेश मिश्रा

**कोरांव (प्रयागराज)।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के प्रांतीय अध्यक्ष पीसी पाण्डेय, जिला अध्यक्ष सुभाष शुक्ला एवं तहसील कोरांव अध्यक्ष केके मिश्रा के साथ तहसील उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, राकेश मिश्रा, इंद्रेश जैसल आदि पत्रकारों ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पाण्डेय से मुलाकात कर पत्रकार उत्पीड़न व फर्जी मुकदमे को वापस लेने के संदर्भ में बात की। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उक्त पत्रकारों को पूरी तरह से आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा पत्रकार के साथ गलत दुर्व्यवहार किए जाने पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों के मान सम्मान का पूरा ध्यान देते हुए समाचार कवरेज में मदद की जाएगी। पत्रकार के उत्पीड़न मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।



# अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 ) मुकेश चन्द्र को दी भावभीनी विदाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र का शासन द्वारा संयुक्त निदेशक चीनी सहकारी संघ लिमिटेड उ0प्र0 लखनऊ के पद पर स्थानान्तरण होने के फलस्वरूप आज उन्हें कलेक्ट्रेट के सभागार में उपजिलाधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों तथा कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सौम्य मिश्र, उपजिलाधिकारी रानीगंज संगम लाल, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रथम डीपी सिंह, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रथम आर0एन0 यादव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान शासन द्वारा नामित नये अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)



त्रिभुवन विश्वकर्मा ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित किया। विदाई समारोह में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ की अल्पकार्य अवधि हमारे लिये यादगार रहेगी, इस अवधि में विधानसभा सामान्य निर्चाचन, एमएलसी का निर्वाचन कार्य सम्पनन् कराया गया, न्यायिक कायी में अधिवक्ता बन्धुओं से बराबर सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि हमें नया कार्य करने से घबराना नही चाहिये और हर समस्या का समाधान है, हमें मिल जुलकर उन समस्याओं का समाधान खोजना चाहिये। उन्होने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनपद प्रतापगढ़ के कार्यकाल को वह सदैव याद रखेगें और जहां भी रहेगे जिस पद पर रहेगें यहां के लोगों का सन्हे नही भूलेगे। कार्यक्रम का संचालन एलबीसी बाबू पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। विदाई समारोह में विवेक पाण्डेय द्वारा ''बहुत याद आओगे बिछड़ जाने के बाद'' मनमोहक विदाई गीत की प्रस्तुत क गयी। इस अवसर पर डीजीसी रेवेन्यु राघवेन्द्र सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की ओर से लाल साहब, सह संयोजक कर्मचारी संघ वशिष्ट सिंह, कुलभूषण मिश्रा नायब नाजिर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा मुदित सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी राजेश कुमार शर्मा, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# ऋण मेला में पौने दो करोड़ का ऋण बैंकों के माध्यम किया गया वितरित

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में मिशन रोजगार अभियान के अन्तर्गत आनलाइन स्वरोजगार संगम (ऋण मेला) का शुभारम्भ किया गया जिसमें प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन ऋण वितरण भी किया गया जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में 1.90 लाख लाभाथिर्यों को कुल 16 हजार करोड रूपये का ऋण वितरण किया गया। इसी के साथ मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 05 जनपदों में एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत सामान्य सुविधा केन्द्रों का शिलान्यास किया गया एवं एस0पी0बी0 सदस्यों से सवांद भी किया गया।मुख्यमंत्री द्वारा ऋण योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के अन्तर्गत डेमो चेक के माध्यम से ऋण वितरण किया गया एवं विभिनन् जनपदों के इन योजनाओं से ऋण प्राप्त लाभाथिर्यों से संवाद भी किया गया। इसी के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में भी जनपद स्तरीय ऋण मेला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री के ऋण मेला शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 सभागार में किया गया। सजीव प्रसारण कार्यक्रम को विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य व अन्य अधिकारियों तथा लाभाथिर्यों द्वारा देखा गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ के एन0आई0सी0 सभागार में भी आनलाइन स्वरोजगार संगम का सफल आयोजन किया गया। आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य के द्वारा प्रतीक स्वरूप 04 लाभाथिर्यों क्रमशः प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थी अंसारी खुर्शीद अहमद को रेडीमेड गारमेन्ट हेतु 10 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थी आकाश गुप्ता को आटा/बेसन प्लान्ट हेतु 20 लाख, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के लाभार्थी रमेश कुमार यादव को आंवला उत्पाद हेतु 15 लाख तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थी आसिफ एजाज को शूज शाप हेतु 10 लाख का डेमो चेक के माध्यम से ऋण वितरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि जनपद में आनलाइन ऋण मेला कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिनन् ऋण परक योजनाओं में आज कुल 1 करोड़ 75 लाख का ऋण विभिनन् बैंकों के माध्यम से लाभाथिर्यों को स्वीकृत/वितरित किया गया। इस दौरान अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक अमित बाजपेयी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव,विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य सहित कफील अहमद आदि उपस्थित रहे।


## प्रवेश सूचना

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12 | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# डीआरएम के निर्देश मे वाराणसी मंडल के रेलवे स्टेशनो पर चल रहा है आजादी के अमृत महोत्सव का विभिन्न कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिय (वाराणसी)** ।मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डा0 अभिषेक के नेतृत्व में आज बुधवार को वाराणसी मंडल के विभिनन्‍ स्टेशनों पर आज़ादी का अमृत महोत्सव के दौरान आगामी 5 जुलाई तक विभिनन्‍ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज़ादी का अमृत महोत्सव के स्मरणोत्सव के भाग के रूप में गाजीपुर सिटी एवं प्रयागराज रामबाग पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें गाजीपुर सिटी में 28 एवं प्रयागराज रामबाग में 32 कर्मचारियों नें भाग लिया। इस दौरान अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने बताया कि इसी क्रम में वाराणसी मंडल के कप्तानगंज स्टेशन एवं



गोरखपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा जल-सेवा अभियान चलाया गया जिसमें प्यासे यात्रियों को उनके कोच में पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा कप्तानगंज के हालमार्क वर्ल्ड स्कूल एवं गोपालगंज के डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों को भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन की विभिनन्‍ घटनाओं से परिचित कराया और आजादी के महत्व को समझाया गया।इसके साथ ही थावे स्थित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर स्वच्छता अभियान चलकर साफ-सफाई की गयी एवं रेलवे सुरक्षा बल ट्रेनिंग सेंटर गोरखपुर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। ज्ञातव्य हो की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वाराणसी मंडल के विभिनन्‍ स्टेशनों पर 1 से 5 जुलाई तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाना प्रस्तावित है।इस क्रम में 1 जुलाई को सुबह बनारस स्टेशन पर विभिन्नकार्यक्रमों का आयोजन रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा किया जायेगा ।

# गोरखपुर में खूब बरसा पानीः शहर के जलभराव में अधिकारियों के दावे डूबे

**गोरखपुर।** मानसून की पहली ही बारिश में शहर के अधिकतर इलाकों में पानी भर गया। इस जलभराव में जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों के जलनिकासी के दावे भी डूब गए। रहे जहां पिछली साल की तुलना में इस बार तेजी से पानी निकल गया। संसाधनों के अभाव के संबंध में पार्षदों में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखाई पड़ा। कोई



शहर के अधिकतर इलाकों में एक से दो फीट तक पानी लग गया। कुछ इलाकों में घरों और दुकानों में पानी घुस गया। सर्वाधिक दिक्कत अधूरे नालों की वजह से हुई। मेडिकल कॉलेज रोड से सटी कॉलोनियों में बड़ी आबादी जलभराव के कारण घरों में कैद रही। देर रात तक इन इलाकों से पानी नहीं निकल पाया। कुछ इलाके ऐसे भी समय से संपवेल नहीं चलने से व्यवस्था को कोसता रहा, तो कोई पंपों में डीजल नहीं होने से नाराज था।सिंघडिया से तुर्रा तक नाला बन जाने से देवरिया रोड पर पानी नहीं लगा। आसपास के इलाकों से भी पानी तेजी से निकल गया। दो-चार मोहल्ले ही ऐसे रहे जहां बारिश बंद होने के बाद जलभराव की स्थिति रही।

# भारतीय रेल नवाचार नीति के तहत स्टार्ट अप को आकर्षित करने के उद्देश्य अब पूर्वोत्तर रेलवे का भागीरथ प्रयास जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिय (वाराणसी)** ।राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल ने स्टार्ट-अप और अन्य संस्थाओं की भागीदारी के माध्यम से नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिसके तहत देश के रेल,संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले 13.06.2022 को रेल भवन, नई दिल्ली में ठरेलवे के लिए स्टार्टअपठ को लॉन्च किया था। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टार्ट अप को रेलवे से जुड़ने का अच्छा अवसर मिलेगा। इस दौरान भारतीय रेल नवाचार नीति के तहत स्टार्ट अप को पूर्ण रूप से आकर्षित करने के उद्देश्य अब पूर्वोत्तर रेलवे का भागीरथ प्रयास जारी अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे का मंडल रेल प्रबंधक के कुशल निर्देशन मे इस कार्यक्रम के पहले चरण के लिए रेलवे के विभिनन्‍ मंडलों, क्षेत्रीय कार्यालयों/ जोनों से प्राप्त 100 से अधिक प्रॉबलम स्टेटमेंट में से 11 प्रॉबलम स्टेटमेंट जैसे रेल फ्रैक्चर, हेडवे कमी आदि को लिया गया है। इन्हें नवीन समाधान खोजने के लिए स्टार्ट अप के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेलमंत्री जी ने स्टार्टअप से इस अवसर का उपयोग करने का अनुरोध किया और उन्हें 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, सुनिश्चित बाजार, स्केल और ईको सिस्टम के रूप में भारतीय रेलवे से समर्थन सुनिश्चित करने की बात भी कही। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे नवाचार नीति रेलवे के लिए स्टार्टअप्सङ्ग युवाओं के लिए यह एक अच्छा अवसर है, इसका उन्हें पूरा लाभ लेना चाहिए। संभावित स्टार्टअप की पहचान किये जाने और नीति को सभी हितधारकों विशेषकर युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाए जाने के रेलवे द्वारा अनेक कदम उठाया जा रहा है। इस अवसर का लाभ उठाकर युवाओं को आकर्षित करने और राष्ट्र के विकास में भागीदार बनने के लिए विभिनन्‍ स्तरों पर बैठकों की योजना बना रहे हैं भारतीय रेल स्टार्टअप के माध्यम से उनन्त तकनीक को अपनाकर गाढ़ी संचलन आने वाली चुनौतियों से निपटेगी। नई तकनीक के माध्यम से 11 मदों पर इनोवेटर रेलवे के विकास में योगदान दे सकेंगे।भारतीय रेल द्वारा लावइनोवेशन पोर्टल वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसमें दस नीति के बारे में सूचनायें दी गई है।इस पोर्टल के माध्यम से 30 जून 2022 से इच्छुक स्टार्टअप इनोवेटर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमी अनलाइन प्रस्ताव भेज सकेंगे।

# बाबा के धाम में आप कर सकेंगे शादी और मुंडन जैसे मांगलिक कार्य, जानिए क्या है प्लान

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ को साक्षी मानकर, अगिन्देव के सात फेरों के बाद सात जन्मों के बंधन में बंधने की शुरुआत श्री काशी विश्वनाथ के धाम में नवंबर से होगी। नव्य, भव्य और दिव्य धाम करेगी। बाबा के धाम के अनुसार ही आयोजन में कई पाबंदियों के साथ विवाह की अनुमति रहेगी। विवाह के सभी आयोजन प्राचीन परंपरा व संस्कृति के अनुसार ही संपनन्‍ होंगे। किसी भी तरह के



में होने वाली शादियां भी अनोखी होंगी, क्योंकि बाबा के परिसर के अनुरूप प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही सभी अनुष्ठान संपनन्‍ होंगे। इसके साथ ही श्रद्धालु मुंडन संस्कार भी करा सकेंगे। बाबा विश्वनाथ का धाम नव दंपती के नवजीवन की शुरुआत का साक्षी बनेगा। सनातनधर्मी बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर धाम के प्रांगण में वैवाहिक आयोजन संपनन्‍ करा सकेंगे। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि बाबा के धाम में सेवाओं को विस्तार दिया जा रहा है। इसके तहत ही कर्मकांड के साथ ही धार्मिक आयोजन व संस्कारों को भी करने की सुविधा शुरू की जा रही है। बाबा के प्रांगण में वैवाहिक समारोह व संगोष्ठियों के लिए इवेंट कंपनी को आमंत्रित किया गया है। ऑनलाइन कई कंपनियों ने इसमें रूचि दिखाई है।इवेंट कंपनी धाम में विवाह करने वालों की बुकिंग डीजे के साथ ही कई प्रतिबंधों के साथ विवाह की अनुमति प्रदान की जाएगी। विवाह के दौरान श्रद्धालुओं को सात्विक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। वैवाहिक आयोजन के दौरान आम श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा। शादी के साथ ही मुंडन संस्कार और संगोष्ठी के आयोजन भी हो सकेंगे। इसका शुल्क अभी निर्धारित नहीं किया गया है लेकिन यह आम जनता की जेब के अनुसार ही रखा जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य व ज्योतिषाचार्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि जुलाई में विवाह के चार मुहूर्त हैं। इसके बाद नवंबर में चार और दिसंबर में पांच मुहूर्त हैं। मंदिर प्रशासन का कहना है कि शादी विवाह और सामाजिक कार्यक्रम के लेकर वही नियम होंगे जिससे जनमानस की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे। ऐसे किसी भी कृत्य की अनुमति नहीं होगी जो धार्मिक रूप से अनुचित है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया सारनाथ एक्सप्रेस का औचक निरीक्षण,यात्रियों से मिल ट्रेन सुविधाओं का लिया संज्ञान

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिय (वाराणसी)** ।मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने आज बुधवार को गाड़ी संख्या 15160 सारनाथ एक्सप्रेस का वाराणसी जंक्शन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 05 पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(पें)सत्यप्रकाश श्रीवास्तव,कोचिंग डिपोअधिकारी बनारस श्री प्रदीप सिंह उपस्थित रहे।मंडल रेल प्रबंधक के सारनाथ एक्सप्रेस का औचक निरीक्षण के दौरान यात्रा कर रहे ट्रेन के यात्रियों से मिल ट्रेन सुविधाओं का संज्ञान लेते हुए ट्रेन के वैक्यूम ब्रेक,व्हील बेस,यच टाइप क्लैम्प के अनुरक्षण की गुणवत्ता भी परखी। मंडल रेल प्रबंधक के इस औचक निरीक्षण से अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारियों मे खलबली मच गई। इस औचक निरीक्षण के दौरान सारनाथ एक्सप्रेस मे मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने सर्वप्रथम स्लीपर कोच में वाटर रिफलिंग,शौचालय की साफ-सफाई,कोच सरफेस तथा शयनयान कोच की बर्थों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया और सभी



कुछ सुचारू पाया।इस बावत मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से सीधा संवाद कर उनको ट्रेन में मिलने वाली सुविधाओं का संज्ञान लिया और यात्रियों से संतोषजनक उत्तर पाकर संतुष्ट हुए।इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने क्रमशः वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के कोचों में पानी,शौचालय,कोच की साफ-सफाई एवं कोच में मिलने वाले लिनेन(तकिया,चादर,कम्बल एवं तौलिया ) का निरीक्षण कर उनकी पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी ली । इसके साथ ही उन्होंने वातानुकूलित कोचों में यात्रा कर रहे यात्रियों से सीधा संवाद कर प्रदत सुख-सुविधाओं में कठिनाइयों के बारे में पूछा किन्तु किसी भी यात्री ने कोई समस्या नहीं बताई इसके उपरान्त मंडल रेल प्रबंधक ट्रेन से बाहर निकले और सारनाथ एक्सप्रेस संरक्षा के सबंध में वैक्यूम ब्रेक,व्हील बेस तथा यच टाइप क्लैम्प के अनुरक्षण की गुणवत्ता परखी तथा सम्बंधित को निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सारनाथ एक्सप्रेस में समुचित यात्री सुख-सुविधाओं समेत गाड़ी के शौचालय एवं वाशबेसिन में जल की निर्बाध आपूर्ति तथा स्वच्छता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने दी है।

# सात जुलाई को वाराणसी आ सकते हैं पीएम मोदी, काशीवासियों को देंगे 18 सौ करोड़ की 45 परियोजनाओं की सौगात

**वाराणसी।** काशीवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात जुलाई को छह घंटे के प्रवास पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आ सकते हैं। इस दौरान पीएम मोदी करीब 18 सौ करोड़ रुपये की 45 परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे। पीएम के आगमन की तैयारियों में जुटे प्रशासन ने लोकार्पण और शिलान्यास की



सूची तैयार कर ली है। इसके साथ ही स्थानीय भ्रमण के कार्यक्रम पर भी प्रशासनिक कवायद अंतिम दौर में है। इसमें चार कार्यक्रम को प्रस्तावित किया गया है। पीएम 12 सौ 20 करोड़ रुपये की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और 591 करोड़ रुपये की 32 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। सिगरा स्पोर्टस स्टेडियम में होगी जनसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुलाई महीने में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटा प्रशासन लोकार्पण और शिलान्यास वाली परियोजनाओं का ऑडियो विजुअल तैयार करा रहा है। पीएम मोदी की सिगरा के स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित होने वाली जनसभा में यह करीब चार मिनट का यह वीडियो प्रसारित किया जाएगा। शिक्षाविदों के सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी फिलहाल प्रधानमंत्री कार्यालय से पीएम मोदी के कार्यक्रम की सूचना नहीं जारी की गई है। मगर, इस्कान समूह (अक्षयपात्र फाउंडेशन) की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को दावा किया गया है कि उन्हें सात जुलाई को पीएम आगमन की सूचना मिली है। इसी आधार पर प्रशासन अब कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर रहा है। इसमें बाबतपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन पहुंचेंगे और यहां से सड़क मार्ग से अर्दली बाजार स्थित एलटी कॉलेज परिसर में अक्षय पात्र किचन का उदघाटन करेंगे। यहां से वे सड़क मार्ग से ही सिगरा स्थित रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर आएंगे और नई शिक्षा नीति पर आयोजित देशभर के शिक्षाविदों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद पीएम मोदी सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडिय में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां पर पीएम काशी में पूरी हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण और शुरू होने वाली परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे काशी विश्वनाथ मंदिर भी जाएंगे।

# एकतरफा प्यार में युवक ने खेला खूनी खेल, युवती पर चाकू से वार कर खुद छत से कूदा......

**आजमगढ़।** एक गांव में युवती के घर में घुसकर चाकू से गर्दन पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी भी छत से कूद कर गंभीर रूप से घायल हो गया



है। आजमगढ़ जिले के एक गांव में एकतरफा प्यार में युवक द्वारा खूनी खेल खेले जाने का मामला सामने आया है। एकतरफा प्यार में एक युवक बुधवार सुबह युवती के घर में घुस गया और उस पर चाकू से वार कर दिया। युवती के परिजनों ने उसे दौड़ाया तो छत से कूद पड़ा। इस दौरान बिजली के तारों की चपेट में आते हुए जमीन पर गिरकर वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवती और युवक जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के सराय मंदराज गांव निवासी एक युवक गांव की ही रहने वाली युवती से एकतरफा प्यार करता था। बुधवार सुबह युवती अपने घर की छत पर कुछ काम कर रही थी। युवती के घर में घुसा था युवक इसी दौरान युवक भी किसी तरह छत पर चढ़ गया और युवती से प्यार स्वीकार करने का दबाव बनाने लगा। युवती ने इंकार किया और शोर मचाने लगी तो युवक ने पास रखे चाकू से उसके गर्दन पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। चीखपुकार सुनकर परिजन जब छत पर पहुंचे तो नजारा देखकर सनन्‍ रह गए। युवक को पकड़ने के लिए दौड़ाया तो वो छत से नीचे कूद पड़ा। बगल से ही बिजली का तार गया हुआ था। जिसके संपर्क में आने के साथ ही वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन युवती और युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां युवक की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। वहीं युवती की हालत डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया है। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि एकतरफा प्यार का मामला है। युवती चाकू लगने से घायल है तो वहीं युवक छत से कूद जाने के चलते घायल हो गया है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती के परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# देर रात बनारस में झूमकर बरसे बदरा, 28 डिग्री से नीचे आया तापमान, अभी ऐसा ही रहेगा मौसम

**वाराणसी।** में मानसून की दस्तक के बाद बीते 48 घंटे से रूक-रूक कर हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। भीषण गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को तापमान में कमी आने से राहत मिली है। मानसून की दस्तक के बाद बीते मंगलवार से वाराणसी में बारिश का सिलसिला जारी है। बुधवार को भी दिन में नम पुरवा हवाओं के साथ रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। वहीं देर गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान कई जगहों पर बिजली गिरने की भी सूचना है। बारिश की वजह से मौसम में ठंड घुल गई है। जिले का मौसम बेहद



सुहाना हो गया है। धूप का कोई असर नहीं है। रात में खिड़की-दरवाजा संग पंख बंद करने पर भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। गुरुवार सुबह तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे आ गया। जिससे गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद से गुरुवार अलसुबह तक 70 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई है। मंगलवार दोपहर बाद से बदला मौसम मंगलवार शाम 4 से 6 बजे तक बारिश के बाद मौसम साफ हो गया था, लेकिन बुधवार भोर में फिर बारिश शुरू हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस की तुलना में बुधवार को 30.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29.1 की जगह 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय ने बताया कि इस सप्ताह ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं। तेज हवा के साथ बारिश होगी। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन यह आफत बनकर आई है। शहर में कई जगहों पर सड़कें धंस गई हैं। इसके अलावा कई जगहों पर जलभराव हो गया। लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया है। उधर, बीएचयू ट्रामा सेंटर परिसर में बने साइकिल स्टैंड में भी पानी भर गया है। लोगों को दोपहिया, चार पहिया खड़ी करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर साल बरसात से पहले लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों की मरम्मत और नगर निगम की ओर से नालियों की सफाई के दावे किए जाते हैं लेकिन हकीकत यह है कि पहली ही बारिश में दावों की पोल खुल गई। ग्रामीण इलाकों की कौन कहे शहर के बीच की सड़कें ही चलने लायक नहीं रह गई हैं। इसके अलावा नालियां भी जाम हैं, जिस वजह से चलने में परेशानी हो रही है। बदलता मौसम बना रहा बीमार, रखें सेहत का ख्याल पिछले एक सप्ताह से कभी तेज धूप कभी झमाझम बारिश हो रही है। तापमान में भी उतार चढ़ाव बना हुआ है। इस बदलाव का असर सेहत पर पड़ रहा है। अस्पतालों की ओपीडी में मौसमी बीमारियों से परेशान लोगों की संख्या अधिक है। बुजुर्ग सर्दी, खांसी, बुखार से परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो रही है। बारिश के बाद धूप होने की वजह से खुजली, शरीर पर दाने निकलने के साथ ही बहुत से लोग एलर्जी से परेशान हैं। दीनदयाल अस्पताल में फिजिशियन डॉ. पीके सिंह के मुताबिक, हर दिन 100 मरीजों में 30 से 40 सर्दी, खांसी, बुखार से परेशान हैं। लोगों को खानपान पर विशेष ध्यान देने के साथ ही बारिश में भीगने से बचने की सलाह दी जा रही है। इधर, राजकीय आयुर्वेद कॉलेज चौकाघाट, मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, दीनदयाल अस्पताल के पंजीकरण काउंटर पर बुधवार को मरीजों की लाइन लगी रही। मंडलीय अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीपी गुप्ता ने बताया कि ओपीडी में आने वाले बच्चों में 30 से 40 प्रतिशत उल्टी, दस्त, डायरिया से पीड़ित हैं। कुछ बच्चों को दवाइयां दी जा रही हैं, कुछ को भर्ती किया जा रहा है।

# संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम पर पूरे यूपी में बांटी गई फर्जी डिग्रियां

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में फर्जीवाड़े का खुलासा छह हजार डिग्रियों की जांच के बाद हुआ। इसमें 1130 डिग्रियां जहां फर्जी मिली, वहीं 207 शिक्षकों के दस्तावेज में भी हेराफेरी मिली। अब सभी की निगाहें इस दिशा में होने वाली कार्रवाई पर टिकी है। वाराणसी स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रमाणपत्रों के फर्जीवाड़े में 17 अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) ने मुकदमा दर्ज किया है। 2004 से 2014 के बीच तैनात रहे इन अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर फर्जी डिग्रियां बांटीं, जिसमें 1300 से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी



मिल गई। एसआईटी की जांच में 18 कर्मचारी दोषी पाए गए थे, इसमें से एक कर्मी की मौत हो चुकी है। यह पूरा मामला 2015 में सामने आया था। फर्जी डिग्री के सहारे बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती की शिकायत मिली थी। यह सभी डिग्रियां संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से जारी की गई थीं। इन डिग्रियों को सत्यापन के लिए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय भेजा गया तो कमिन्यों की मिलीभगत से उसे सत्यापित भी कर दिया गया। इसके बाद इसकी जांच एसआईटी को सौंपी गई। एसआईटी ने डिग्री जारी करने और डिग्री के सत्यापन की प्रक्रिया से जुड़े लोगों को अपनी जांच में दोषी माना और इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की शासन से अनुमति मांगी। शासन ने बीते दिनों इसकी अनुमति दे दी थी। अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। 1130 डिग्रियां मिलीं फर्जी, 207 शिक्षकों के दस्तावेज में भी हेराफेरी संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में फर्जी प्रमाणपत्रों के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की नौकरी पर भी तलवार लटक रही है। एसआईटी द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद अब नए सिरे से जांच होगी। अब सभी की निगाहें इस दिशा में होने वाली कार्रवाई पर टिकी है। फर्जीवाड़े का खुलासा छह हजार डिग्रियों की जांच के बाद हुआ। इसमें 1130 डिग्रियां जहां फर्जी मिली, वहीं 207 शिक्षकों के दस्तावेज में भी हेराफेरी मिली। संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रमाण पत्रों के फर्जीवाड़े की जांच 2015 में एसआईटी को सौंपी गई थी। जिन लोगों के खिलाफ जांच की गई की गई थी। उसमें कुलसचिव विद्याधर त्रिपाठी व गंगाधर पंडा, उप कुलपति परीक्षा इंदुपति झा व योगेंद्र नाथ गुप्ता, सहायक कुल सचिव परीक्षा सच्चिदानंद सिंह, अधीक्षक कार्यवाहक उप सचिव कौशल कुमार वर्मा, सहायक कुल सचिव दीप्ति मिश्रा व महेंद्र कुमार, कार्यालय प्रभारी कृपा शंकर पांडेय, भगवती प्रसाद शुक्ला, मिहिर मिश्रा, हरि उपाध्याय, त्रिभुवन मिश्र, सिस्टम मैनेजर विजय मणि त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक विजय शंकर शुक्ला, प्रोग्रामर मोहित मिश्रा और सत्यापन अधिकारी शशींद्र मिश्र के नाम शामिल हैं। 75 जिलों में कराया गया था सत्यापन, 17 कर्मचारियों से हुई पूछताछ प्रमाणपत्रों के फर्जीवाड़े में प्रदेश के 75 जिलों में नौकरी कर रहे शिक्षकों की डिग्रियों का सत्यापन कराया गया था। फर्जी प्रमाणपत्रों के मामले में विश्वविद्यालय के 17 कर्मचारियों से पूछताछ की गई थी। एसआईटी ने 2016 में जांच में पाया था कि विश्वविद्यालय की 3000 लोगों को फर्जी मार्कशीट बेची गई थी। यह मार्कशीट संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम से जारी हुई थीं। 16 वर्षों का विवरण तलब कर एसआईटी ने वर्ष 1998 से 2014 के बीच संस्कृत विश्वविद्यालय की डिग्री पर शिक्षक बने अभ्यर्थियों का ब्योरा बेसिक शिक्षा विभाग से तलब किया था। विश्वविद्यालय में अभिलेखों के सत्यापन में भारी अनियमितताएं मिली थीं। शासन में लंबित है 1130 शिक्षकों की बर्खास्तगी की कार्रवाई एसआईटी के एक अधिकारी ने बताया कि फर्जी डिग्री के मामलों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 40 से अधिक एफआईआर दर्ज है। यह एफआईआर उन शिक्षकों के खिलाफ भी है, जिन्होंने फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी हासिल कर ली थी। एसआईटी ने सभी शिक्षकों की बर्खास्तगी के लिए शासन को पत्र भेजा था। शासन स्तर पर इन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई लंबित है।

# सोनभद्र पुलिस द्वारा साईबर से जुड़ी जानकारियां दी गई

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र यशवीर सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चुर्क, जनपद सोनभद्र में जागरुकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराध जैसे- सीम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड , डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई सम्बन्धी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, पालिसी ,चिट फण्ड,लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड , के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर उनके बचाव के उपाय सुझाये गये तथा जागरुकता सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किया गया । इस मौके पर प्रभारी साइबर सेल उ0नि0 सरोजमा सिंह, चौकी प्रभारी चुर्क जितेंद्र कुमार, आरक्षी अभिषेक तिवारी, आरक्षी शैलेन्द्र कुमार मौजूद रहे ।



# गैंगेस्टर के आरोपी का 86 लाख का मकान कुर्क

**सोनभद्र।** जिले में प्रशासन ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को पुलिस चौकी चुर्क क्षेत्र के नगर पंचायत चुर्क-गुरमा के वार्ड नंबर एक में सदर एसडीएम राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में फोर्स ने गैंगेस्टर के आरोपी लक्ष्मी नारायण सिंह का दो मंजिला मकान कुर्क किया। मकान की कीमत करीब 86 लाख रुपये बताई जा रही है। बुधवार की सुबह करीब दस बजे चुर्क-गुरमा नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक में फोर्स के साथ सदर एसडीएम, कोतवाल दिनेश प्रकाश पांडेय और चुर्क चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार पहुंचे। एसडीएम की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश गिरोह अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट में वांछित लक्ष्मी नारायण सिंह की संपत्ति कुर्क कर मकान पर नोटिस चस्पा की गई। कोतवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मी नारायण सिंह निवासी सिद्धी कला चुर्क की 86 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। उसके पास ज्ञात आय का कोई विधिक स्रोत नहीं है, लेकिन आपराधिक घटनाओं से उसने लाखों रुपये जमा किए थे। सड़क पर ओवरलोड लोड ट्रकों को अधिकारियों का लोकेशन लेकर पास कराने में सक्रिय है।

# स्कूलों में नई पहल, प्रशनोत्तरी से ढूंढेंगे हल

**सोनभद्र।** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता व विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर में सुधार लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक नई पहल की गई है। जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अब हर शनिवार को प्रशनोत्तरी का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए बीएसए की ओर से सभी स्कूलों को निर्देश भी दिये गये है शासन के निर्देश पर एक ओर जहां जिले के परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए शिक्षकों की ओर से जोर लगाया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से परिषदीय स्कूलों को निजी से बेहतर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में बीएसए हरिवंश कुमार के निर्देश पर अब शिक्षक सप्ताह में जो भी बच्चों को पढ़ाएंगे उसके आधार पर प्रश्नों की एक क्विज तैयार करेंगे। प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों के बीच प्रशनोत्तरी होगी। सही जवाब देने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं गलत जवाब देने वाले बच्चों के स्तर में सुधार के लिए उन पर अलग से काम किया जाएगा। इस दौरान यह भी ध्यान दिया जायेगा कि कोई भी विद्यार्थी हतोत्साहित न हो। बेसिक शिक्षा विभाग का मानना है कि स्कूलों में प्रशनेत्तरी कराने से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। वहीं प्रार्थना सभाओं के दौरान विद्यार्थियों को उस दिन की प्रमुख खबरों और अपने आसपास की प्रमुख घटनाओं की भी जानकारी दी जायेगी। बेसिक शिक्षा विभाग के पास योग्य शिक्षक है, जिनका सही इस्तेमाल कर हम शिक्षा के स्तर और विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर में सुधार ला सकते है। विभागीय आदेशों के साथ ही शिक्षकों को अपने स्तर से भी नए प्रयोग कर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ देना चाहिए। हरिवंश कुमार, बीएसए।



# जादू-टोना के शक में महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**सोनभद्र।** ग्राम पंचायत कोटा के प्राथमिक विद्यालय बसुधा के समीप बुधवार को घेराबंदी कर पुलिस ने जादू टोना के चक्कर में महिला की हत्या करने वाले आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। चोपन थाना प्रभारी किरण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह युवक ने कुल्हाड़ी के बेंत से 48 वर्षीय चमेलिया निवासी जुड़ीदह कोटा को मारकर फरार हो गया था। परिवार के लोग घायल महिला को इलाज के लिए ले जा रहे थे मगर उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह करीब सात बजे मुखबिर की सूचना पर आरोपी हीरालाल अगरिया निवासी जुड़ीदह वसुधा कोटा प्राथमिक विद्यालय के समीप से पकड़ लिया। आरोपी कहीं जाने की फिराक में था। पूछताछ करने पर आरोपी हीरालाल ने बताया कि मेरे पुत्र एक वर्षीय राजन को चमेलिया ने जादू टोना करके मार दिया था। आरोपी युवक की निशानदेही पर जुड़ीदह के जंगल से कुल्हाड़ी बरामद करके युवक का चालान कर दिया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक त्रिभुवन राय, कांस्टेबल अविनाश कुमार, शहंशाह शामिल रहे।

# दंपती समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दंपती समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों के ऊपर कई व्यापारियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का गेहूं और धान लेकर रुपये न देने का आरोप है। बुधवार को पुलिस की एक टीम आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयागराज के कोरांव के लिए रवाना हो गई है। पुलिस ने बताया कि राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के तरावा गांव निवासी वादी रविशंकर ने तहरीर देकर अवगत कराया है कि उनके अलावा कुछ और लोग फुटकर गल्ला क्रय विक्रय करने का काम करते हैं। पिछले तीन-चार साल से प्रयागराज के कोराव निवासी एक व्यापारी उन लोगों से अनाज क्रय करता था। उक्त व्यापारी ने छपका में किराए के मकान में गोदाम बनाया था। कई व्यापारियों से उसने करीब डेढ़ करोड़ रुपये का अनाज क्रय किया और दो जून को छपका कार्यालय बंद कर फरार हो गया। कारोबारी ने व्यापारियों से बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई है। दारोगा रमेश राम ने बताया कि पीड़ि.ति की तहरीर पर शिवनाथ केशरी, उसकी पतनी सुलेखा, विश्वनाथ केशरी, ओम प्रकाश केशरी, रामनाथ केशरी और अमित केशरी के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# जेल के बाहर तरंगों पर होगा पहरा, लगेंगे हाईटेक जैमर

**सोनभद्र।** कभी सूबे की सबसे शांत जेल में शुमार जिला जेल अब कुख्यात बदमाशों का ठिकाना बन रहा है। कई जघन्य वारदातों के अपराधियों की संख्या बढ़ने के साथ ही जेल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। जेल के अंदर मोबाइल नेटवर्क पर नियंत्रण के लिए जैमर लगाने की तैयारी है। इसके लिए एसपी ने शासन को पत्र भेजा है। हाईटेक जैमर के माध्यम से 4 जी और 5 जी की तरंगों को रोकने की कोशिश होगी, जिससे किसी भी रूप में बदमाश अपने मंसूबों पर कामयाब होने पाएं साढ़े पांच सौ की क्षमता वाले जिला जेल में वर्तमान में 1100 से अधिक कैदी व बंदी हैं। इसमें ज्यादातर मादक पदार्थों की तस्करी, नशाखोरी, दहेज हत्या और उत्पीड़न जैसी घटनाओं से जुड़े हैं। इनके अलावा जेल में करीब 14 कुख्यात भी बंद हैं। इसमें एनआईए अफसर तंजील अहमद और उनकी पतनी का हत्यारा मुनीर भी शामिल है। उसे हाल ही में जिला जेल में शिफ्ट किया गया है। बेहद शातिर और मनबढ़ मुनीर को फांसी की सजा हो चुकी है। हत्या, लूट, रंगदारी की कई वारदातों में आरोपी सुंदर भाटी भी इसी जेल में है। राजू पहलवान, पंकज सिंह, मथुरा सिंह जैसे कई अन्य चर्चित बदमाश भी जेल में बंद है। इन्हें अलग-अलग बैरकों में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। सीसी टीवी कैमरों से भी इनकी हर गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। वर्ष 2016 में स्थापित इस जेल में अब तक जैमर नहीं लग पाया है। वैसे तो जेल में किसी भी तरह से मोबाइल ले जाने पर सख्त मनाही है। कई स्तरों पर चेकिंग भी होती है, मगर कुख्यात और शातिर बंदियों के कारण सुरक्षा को लेकर जेल और जिला प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरता है। सूबे की कई जेलों में चोरी-छिपे मोबाइल के इस्तेमाल और इसके जरिए विभिनन्न तरह के अपराध को अंजाम देने की घटनाओं के बाद प्रशासन ने यहां भी जैमर लगवाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। मंगलवार को जेल के निरीक्षण में जैमर न होने की बात सामने आने के बाद एसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। इस बाबत जेल अधीक्षक जेपी दुबे ने बताया कि जेल के अंदर हर तरह से सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से यहां जैमर लगाने का प्रस्ताव भी शीघ्र भेजा जाएगा। आधुनिक तकनीक से लैस जैमर लगेंगे, जिससे 4-जी और 5-जी नेटवर्क भी दायरे में न आ सके। कुख्यात बदमाशों के जेल में आने के बाद सोनभद्र जिला जेल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर हुआ है। हालांकि एक वक्त ऐसा भी था कि इसे सूबे की सबसे आदर्श जेल माना जाता था। जेल के अंदर प्रेम, सद्भाव की स्थिति होती थी। वर्ष 2000 के पहले तक गुरमा में स्थापित जेल को सूबे की एकमात्र ओपेन जेल का दर्जा हासिल था। यहां बंदियों को बाहर आने-जाने, रोजगार करने की छूट थी। जेल के अंदर बंदी खेती भी करते थे। नजदीकी फैक्ट्रियों में भी वह बतौर श्रमिक सेवा देते थे। उन्हें रहने, खाने की आजादी थी। उनके लिए अलग से बाजार भी लगता था। दिन भर ऐसे बीताने के बाद वह शाम को जेल के अंदर दाखिल होते थे। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान वहां जैमर न होने की बात सामने आई है। कुख्यात बदमाशों की मौजूदगी के चलते जेल की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुरक्षा लिहाज से जेल में जैमर लगवाने के शासन को पत्र भेजा जा रहा है।



# निकायों में चला पॉलिथीन मुक्ति अभियान, दिलाया शपथ

**सोनभद्र।** जिले के सभी निकायों में बुधवार को 'मेरा पॉलिथीन मेरी जिम्मेदारी' अभियान की शुरुआत की गई। सार्वजनिक स्थलों से प्लास्टिक एकत्रीकरण करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने और पहले से घर में पड़े पॉलिथीन का सही निस्तारण करने के लिए शपथ दिलाई गई। पॉलिथीन के इस्तेमाल से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। नगर पालिका परिषद सोनभद्र के स्वर्ण जयंती चौक (बढ़ौली चौराहा) पर बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे निकाय के कर्मचारियों के साथ ही विभिनन्न संगठन के लोग जुटे। पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद बढ़ौली चौक से शीतला मंदिर चौराहा, चंडी तिराहा से बाईपास धर्मशाला चौक होते हुए बैनर पोस्टर के साथ जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान हाथ में बोरी लिए लोगों ने सड़क पर पड़े पॉलिथीन को उठाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर ईओ विजय कुमार यादव, जेई मनीष कुमार, डीपीएम नीरज कुमार, संत कुमार, विमलेश, व्यापार संगठन से राजेश गुप्ता, सचिन केडिया, विमल अग्रवाल, किशोरी लाल, राजकुमार और डूडा के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह नगर पंचायत चोपन और डाला में अधिशासी अधिकारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व में जागरुकता अभियान चलाया गया। रैली के माध्यम से लोगों को पॉलिथीन जहां तहां न फेंकने की अपील की गई। स्कूली बच्चों से अपने घरवालों तथा पास पड़ोस के लोगों से पॉलिथीन का प्रयोग ना करने की अपील की। अभियान में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अन्य निकायों में भी जागरूकता कार्यक्रम हुआ।




# बंधी निर्माण अधूरा छोड़ने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**सलखन।** क्षेत्र के चिरूई, पल्हारी और कोदई गांव में बिना खनन पट्टे के बोल्डर का अवैध खनन जोरों से हो रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगवां विकासखंड के कोदई क्लस्टर के तीन गांवों चिरुई, पल्हारी, कोदई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत पिछले वर्ष लोकसभा सांसद व सदर विधायक की ओर से बंधी निर्माण का शिलान्यास किया गया था। क्षेत्रीय किसानों में इस कार्य से बड़ी उम्मीद जगी थी। बंधी के निर्माण में ठेकेदार की ओर से मानकों के विपरीत सामग्री और चोरी के बोल्डरों के प्रयोग का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई। जांच के दौरान शिकायत सही मिलने पर वन विभाग के एसडीओ की ओर से करीब 80 ट्राली बोल्डर सीज कर दिया। इस बीच ठेकेदार की ओर से कार्य को बीच में ही छोड़ दिया गया। लवकुश, पोयम, जागेश्वर, रामबहाल खरवार, सुदामा चेरो प्रधान ने बताया कि ठेकेदार ने आधा-अधूरा बांध का ही निर्माण कराया है। वहीं पिचिंग कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे अर्धनिर्मित बंधी के धराशाई होने की चिंता सताने लगी है। स्थानीय लोगों ने बंधी निर्माण की लागत का बोर्ड न लगाने का आरोप भी लगाया है। ग्रामीणों ने अवैध खनन और बंधी में अनियमितता पर डीएम से स्थलीय निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# अब जहां होगा चालान वहीं होगा जुर्माने का डिजिटल भुगतान

**मिर्जापुर।** यातायात पुलिस को हाईटेक बनाने के लिए नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत अब वाहनों के चालान की रकम के लिए पॉस (प्वाइंट आफ सेल) मशीन से मौके पर ही डिजिटल भुगतान की व्यवस्था की गई है। जिले की यातायात पुलिस को 25 पॉस मशीनें मिली हैं। यातायात पुलिस को पॉस मशीन संचालन की ट्रेनिंग दी जा रही है। जल्द ही पुलिस इसके जरिये चालान करती नजर आएगी। पुलिस या यातायात पुलिस जब वाहनों का चालान करती है तो एक रसीद देती है। जिसके जरिये वाहन स्वामी यातायात कार्यालय में जाकर चालान जमा कर सकता है। कई लोग चालान जमा करना भूल जाते हैं। जिससे चालान की रसीद कोर्ट चली जाती है। फिर वहां मामले का निपटारा होता है। यातायात पुलिस को हाईटेक बनाने के लिए नई पहल की गई है। इसके तहत पुलिस को पॉस मशीन से लैस किया जा रहा है। पॉस मशीन से लैस होने पर पुलिस जिस जगह चालान करेगी। उसी जगह पर अगर वाहन मालिक चाहेगा तो वह डिजिटल भुगतान कर सकेगा। पॉस मशीन, बैंक, शापिंग माल, पेट्रोल पंप बड़ी दुकानों पर ही देखने को मिलती है, पर अब पुलिस भी पॉस मशीन के साथ नजर आएगी। इससे चालान कटने के बाद बाद में जमा करने के झंझट से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी। लोग चालान कटने पर पॉस मशीन से उसी स्थान पर ही भुगतान कर सकते है। उनको बाद में चालान जमा करने की समस्या नहीं रहेगी। उधर, ऑनलाइन चालान काफी समय से हो रहा है, पर इसके लिए पुलिस को मोबाइल में डाउनलोड ऐप का प्रयोग करना पड़ता है। ऐप के जरिये पुलिस वाहन की फोटो खींच कर यातायात नियमों के उलुंघन में चालान करती है। पॉस मशीन से न केवल भुगतान की सुविधा रहेगी, बल्कि चालान करने की भी सुविधा है। इसमें एडवांस टेकनेलॉजी दी गई है। मशीन में कैमरा लगा है और चालान करने वाला ऐप भी है। जिससे मशीन के जरिये ही फोटो खींचकर चालान किया जा सकता है और वाहन चालक एटीएम कार्ड स्वैप करके भुगतान कर सकता है। एएसपी सिटी संजय कुमार वर्मा का कहना है कि जिले को 25 पॉस मशीनें मिलीं हैं। एक-एक मशीन थानों पर दी जाएगी। बाकी यातायात पुलिस और सीओ को दी जाएगी। पॉस मशीन में चालान करने और भुगतान जमा करने की सुविधा है। उसमें लगे कैमरे से चालान किया जा सकता है और डेबिट कार्ड के जरिये भुगतान की भी सुविधा है। ट्रेनिंग दी जा रही है। जल्द ही पुलिस पॉस मशीन से चालान करते नजर आएगी।



# लखनिया दरी में डूबने से दो युवकों की मौत

**सोनभद्र।** से दोस्तों संग पिकनिक मनाने आए थयूपी के मिर्जापुर जिले के प्रसिद्ध लखनिया दरी जलप्रपात पर बुधवार की देर शाम पिकनिक मनाने आए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। बुधवार रात सूचना पर पहुंची पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी। गुरुवार सुबह तलाशी अभियान में पुलिस ने दोनों युवकों के शव को बरामद किया। सोनभद्र जिले के राबट्र्सगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्म नगर निवासी मनीष मौर्य (20) पुत्र रमेश मौर्य और बभनौली निवासी राहुल सोनकर (21) पुत्र तेजू सोनकर अपने दोस्तों के साथ बुधवार शाम लखनिया दरी जलप्रपात पर पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान जलप्रपात में सनन करते समय दोनों डूब गए। उनके साथ आए साथियों ने पुलिस को सूचना दी। अहरौरा पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला। सूचना देने वाले व्यक्ति का मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। हालांकि पुलिस छानबीन करती रही। रात होने के कारण जानकारी नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह पुलिस ने छानबीन शुरू की तो दोनों युवकों के शव बरामद हुए।



# गुरु को अभिभावक मानकर बनेगा किन्नरों का आधार कार्ड

**सोनभद्र।** हिजड़ों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट में हुई। योजनाओं से इस समाज के प्रतिनिधियों को जोड़ने पर बल दिया गया। एएसपी मुख्यालय विनोद कुमार और जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। यह तय किया गया कि हिजड़ा समाज के लोगों का निवास प्रमाण-पत्र बनवाया जाएगा। इसके लिए उनके गुरू को माता-पिता के स्थान पर अभिभावक का दर्जा दिया जाएगा। इसी आधार पर उनका आधार कार्ड बनेगा और उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री आवास को देने के साथ ही उनको शैक्षणिक व आर्थिक उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार हिजड़ा समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उनका स्पेशल कार्ड बनाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे 45 लोग निवास करते हैं। बैठक में बीएसए हरिवंश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, किनन्र समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बिजली की चपेट में आने से बालिका झुलसी

**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के बेगपुर गांव में मंगलवार को देर शाम बारिश के दौरान गिरी बिजली की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालिका गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने बताया कि बेगपुर गांव निवासी पांच भाई बहनों में सबसे छोटी सरिता (8) पुत्री जगदीश घर के पास इमली के पेड़ के पास खेल रही थी। इसी बीच बूंदाबांदी के दौरान तेज गरज के साथ गिरी बिजली के चपेट में आने से सरिता झुलस गयी। परिजन मौके पर पहुंचे तो वह बेहोश पड़ी थी। परिजनों ने उसे आनन-फानन में नरायनपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसी सरिता को देर रात में होश आ गया। अब वह खतरे से बाहर है।



# आधी रात में पिता ने की बेटी संग दुष्कर्म की कोशिश, मां ने कराया केस

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। घर में सो रही किशोरी से पिता ने दुष्कर्म का प्रयास किया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया है कि कुछ दिन पहले रात करीब साढ़े 11 बजे उसकी नाबालिग बेटी (15) घर में सो रही थी। उसी समय उसका पति बेटी की चारपाई पर चढ़कर छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। बेटी की चीख-पुकार सुनकर उसकी नींद टूट गई। वह बेटी के पास पहुंची तो दृश्य देखकर अवाक थी। उसने पति के इस कृत्य का विरोध जताया तो वह उसे और उसकी पुत्री को घर से भगाने लगा। पीड़ि.त बेटी को लेकर वह पुलिस के पास पहुंची और मदद की गुहार लगाई। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ छेड़खानी समेत विभिनन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# कोच द्रविड़ बोले- विराट 50-60 रन भी बनाएं तो चलेगा, पुजारा से ओपनिंग कराने के दिए संकेत.....

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को लेकर अहम बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि विराट का शतक लगाना मायने नहीं रखता। वहीं, पुजारा पर उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर वो पारी की शुरुआत कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 शतक लगाने वाले विराट कोहली ने अपने लिए सफलता के नए पैमाने बनाए हैं। विराट के फैंस को शतक से कम कुछ भी मंजूर नहीं होता। यही वजह है कि दुनिया के कई बल्लेबाजों से बेहतर औसत होने के बावजूद पिछले दो साल विराट के लिए खराब माने जा रहे हैं। हालांकि, टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ की राय इस मामले में अलग है। द्रविड़ ने कहा है कि विराट के लिए शतक लगाना जरूरी नहीं है, उनके लिए मैच जिताऊ पारियां खेलना जरूरी है। इसके साथ ही द्रविड़ ने कहा कि विराट के अंदर प्रेरणा की कमी नहीं है। अब उन्हें किसी से प्रेरणा लेने के जरूरत नहीं है। ऐसे समय हर खिलाड़ी के करियर में आता है और इससे बाहर आने के लिए विराट हर संभव प्रयास कर रहे हैं। द्रविड़ ने कहा कि हमेशा शतक लगाना जरूरी नहीं होता। केप टाउन के मुश्किल हालातों में 79 रन की पारी भी शानदार थी। विराट इसे शतक में नहीं बदल पाए थे, लेकिन यह अच्छा स्कोर था। द्रविड़ ने कहा ठविराट ने अपने लिए जो पैमाने तय किए हैं, उस लिहाज से लोगों को उनसे शतक से कम कुछ मंजूर नहीं होता, लेकिन एक कोच के नजरिए से हम उनसे मैच जिताऊ पारियां देखना चाहते हैं। चाहे वो 50 या 60 रन ही क्यों न हो। विराट की उम्र पर बात करते हुए द्रविड़ ने कहा कि वो बिल्कुल सही उम्र में हैं और उनके अंदर गजब की फिटनेस है। मैं अब तक जिन लोगों से मिला हूं, उनमें विराट सबसे ज्यादा मेहनती हैं। वो शानदार तरीके से तैयारी करते हैं। उन्होंने जिस तरह से लीसेस्टर में बैटिंग की, अपने गेंदबाजों के खिलाफ ध्यान से खेला। बुमराह के खिलाफ बल्लेबाजी की। वो सब कुछ सही कर रहे हैं और इस दौर से बाहर आने के लिए जो जरूरी है वो सब कुछ कर रहे हैं। सात महीने में छह कप्तान होना अच्छा नहीं द्रविड़ श्रीलंका दौरे पर पहली बार भारतीय टीम के कोच बने थे और उस समय शिखर धवन टीम के कप्तान थे। इसके बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या और अब जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी करेंगे। इस पर द्रविड़ ने कहा कि जब उन्होंने यह जिम्मेदारी ली थी तो उन्होंने भी यह नहीं सोचा था कि इतने सारे खिलाड़ी भारत की कप्तानी करेंगे, लेकिन आज के समय में ऐसा हो सकता है। कुछ खिलाडि़यों की चोट, जो राहुल के साथ हुआ और कोविड की वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं। पारी की शुरुआत कर सकते हैं पुजारा द्रविड़ इसके साथ ही संकेत दिए कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में चेतेश्वर पुजारा भारत के लिए पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर तीसरे नंबर के खिलाड़ी से पारी की शुरुआत कराई जा सकती है। हालांकि, मयंक अग्रवाल पहले ही टीम इंडिया के साथ जुड़े चुके हैं और रोहित की जगह उनका खेलना लगभग तय है।



# ऑस्ट्रेलिया में कौन होगा बुमराह का जोड़ीदार, टी20 विश्व कप के प्लान में नहीं हैं मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली ।** मोहम्मद शमी भारत की टेस्ट टीम के नियमित सदस्या हैं और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भी वो भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने आखिरी टी20 मैच पिछले साल नामीबिया के खिलाफ खेला था। आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-0 के अंतर से जीत हासिल करने के बाद अब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए तैयार है। हालांकि, आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शामिल कोई भी खिलाड़ी टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं है। दोनों टीमों के कोच तक अलग हैं। आयरलैंड के खिलाफ वीवीएस लक्ष्मण को भारत को कोट बनाया गया था, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के बाद भारत को तीन मैचों की टी20 सीरीज और तीन वनडे मैच भी खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप 2022 में अब थोड़ा ही समय बचा है। ऐसे में भारत के लिए यह टी20 सीरीज बेहद अहम रहने वाली है। चयनकर्ता हर खिलाड़ी के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे और अब उन खिलाडियों को ही मौका दिया जाएगा, जो विश्व कप की टीम में जगह बनाने की रेस में सबसे आगे हैं। कोच द्रविड़ पहले भी कह चुके हैं कि इस सीरीज से या अगली सीरीज से वो उन 15-20 खिलाडियों को मौका देंगे, जो ऑस्ट्रेलिया में विश्व कप खेलने जाएंगे। विश्व कप टीम से बाहर हो सकते है शमी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भुवनेश्वर कुमार को चुना जा सकता है, लेकिन मोहम्मद शमी को टीम से बाहर रखा जा सकता है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार चयनकर्ता शमी को टी20 विश्व कप के लिए नहीं देख रहे हैं, क्योंकि वो इस फॉर्मेट के लिए फिट नहीं हैं। चयनकर्ता युवा गेंदबाजों पर निवेश करना चाहते हैं और विश्व कप से पहले उन्हें ज्यादा से ज्यादा मौके देना चाहते हैं। चयनकर्ता भुवनेश्वर कुमार को चुन सकते हैं, लेकिन शमी शायद ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे। मोहम्मद शमी एक जुलाई से शुरू हो रहे टेस्ट मैच में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे और इंग्लैंड के खिलाफ मैच में खेलते दिखेंगे। यह मैच पिछले साल शुरु हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा है। पांच मैचों की इस सीरीज में भारत 2-1 से आगे हैं, जबकि एक मैच ड्रॉ हुआ था। भारतीय टीम में कोरोना के मामले सामने आने के बाद पिछले साल इस टेस्ट मैच को स्थगित कर दिया गया था। शमी ने भारत के लिए आखिरी टी20 मैच 2021 टी20 विश्व कप में नामीबिया के खिलाफ खेला था। इसके बाद से वो भारतीय टीम में अपनी जगह नहीं बना पाए हैं।



# 'पीसीबी और इमरान खान की वजह पाकिस्तान क्रिकेट की हालत बिगड़ी'

**नई दिल्ली ।** अकमल ने मौजूदा पाकिस्तानी क्रिकेट के बारे में भी बात की और स्वीकार किया कि एक लीडर के तौर पर बाबर आजम के प्रदर्शन को आंकना जल्दबाजी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीम में मैच विजेताओं की कमी है। पाकिस्तान की टीम भले ही मौजूदा समय में अच्छा प्रदर्शन कर रही हो, लेकिन कई सीनियर क्रिकेटर्स देश के वर्तमान घरेलू क्रिकेट के ढांचे से असंतुष्ट हैं। कई पूर्व खिलाडियों ने कहा है कि डिपार्टमेंटल क्रिकेट को खत्म करने का फैसला गलत था और इसके लिए उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान को दोषी ठहराया। अनुभवी पाकिस्तान विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल देश में डिपार्टमेंटल क्रिकेट को समाप्त करने को लेकर सवाल उठाने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। अकमल ने कहा है कि इससे कई प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया है। अकमल ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा- दुर्भाग्य से पीसीबी और इमरान खान ने अनावश्यक प्रयोग किया। इस वजह से पाकिस्तान क्रिकेट प्रणाली खराब स्थिति में है। इसने पाकिस्तान क्रिकेट को बहुत नुकसान पहुंचाया। अकमल ने मौजूदा पाकिस्तानी क्रिकेट के बारे में भी बात की और स्वीकार किया कि एक लीडर के तौर पर बाबर आजम के प्रदर्शन को आंकना जल्दबाजी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीम में मैच विजेताओं की कमी है। अकमल ने कहा- टीम बाबर आजम के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन कर रही है, ऐसा कहना जल्दबाजी है। बाबर युवा हैं और अभी उन्होंने सिर्फ एक साल पाकिस्तान टीम की कप्तानी की है। आगे और चुनौतियां आना बाकी है। अकमल ने कहा- पाकिस्तान के पास वह टीम नहीं है जो उसके पास आठ से दस साल पहले हुआ करती थी। तब हमारे पास पांच से छह मैच विनर हुआ करते थे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम अगले दो टेस्ट श्रीलंका में खेलेगी। पहला मैच 16 जुलाई को गाले में खेला जाएगा, जबकि दूसरा 24 जुलाई से कोलंबो में खेला जाएगा।



# कोच द्रविड़ का रोहित को लेकर बड़ा बयान बोले- प्लेइंग-11 की रेस से हिटमैन बाहर नहीं

**नई दिल्ली ।** यह पूछे जाने पर कि क्या रोहित शर्मा की स्थिति ने टीम की तैयारियों को बाधित किया है, द्रविड़ ने कहा- जब मैंने कोच का पद संभाला था तो मैंने भी नहीं सोचा था कि पिछले 6-7 महीने में इतने सारे कप्तानों के साथ काम करना पड़ेगा। टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। रोहित हाल ही में लीसेस्टरशायर के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इसके बाद बुधवार को दोबारा उनकी आरटी-पीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। हालांकि, द्रविड़ का कहना कुछ और ही है। वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए द्रविड़ ने इस बारे में बात की कि रोहित शर्मा खेल के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। द्रविड़ ने कहा- तो रोहित पर अपडेट यह है कि हमारी मेडिकल टीम उनकी देखरेख कर रही है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए वह अभी तक प्लेइंग-11 से बाहर नहीं हुए हैं। जाहिर है उन्हें खेलने के लिए निगेटिव रिपोर्ट लानी होगी। हम उनकी निगरानी करते रहेंगे। टेस्ट में अभी भी कई घंटे बाकी हैं। उनकी जांच कल होनी है। फिलहाल सबकुछ मेडिकल टीम और स्पोर्ट्स साइंस टीम पर निर्भर है कि वह इस पर फैसला करे। हम स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे। भारत और लीसेस्टरशायर के बीच प्रैक्टिस मैच ड्रॉ रहा था। वहीं, इंग्लैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया था। बुमराह को कप्तानी सौंपने के फैसले को लेकर द्रविड़ ने कहा कि यह देखना चाहिए की जानकारी आधिकारिक स्रोत से ही आए। द्रविड़ ने कहा- आपके अगले प्रश्न (क्या बुमराह कप्तान होंगे) के जवाब के लिए मुझे लगता है कि आधिकारिक स्रोतों से बातचीत ज्यादा मदद कर सकती है। एक बार रोहित के बारे में स्पष्ट हो जाए, उसके बाद ही कोई आधिकारिक जानकारी सामने आएगी।



# सर्जरी के बाद केएल राहुल ने शेयर की तस्वीर, लिखा- वापसी की शुरुआत

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले राहुल चोटिल हो गए थे और पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे। अब उनकी सर्जरी हो चुकी है और वो टीम में वापसी के लिए अभ्यास शुरू करेंगे। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने जर्मनी में सर्जरी कराने के बाद अपनी तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि उनकी सर्जरी शफल रही है और अब उनकी वापसी का सफर शुरू होगा। राहुल के साथ उनकी गर्लफ्रेंड अथिया शेट्टी भी जर्मनी में हैं और सर्जरी के दौरान उनकी मदद कर रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले राहुल चोटिल हो गए थे और पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे। अब उनकी सर्जरी हो चुकी है और वो टीम में वापसी के लिए अभ्यास शुरू करेंगे। राहुल को ग्रोइन इंजरी हुई थी। इस चोट की वजह से वो दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के अलावा पूरे इंग्लैंड दौरे से बाहर हो चुके हैं। अब उनकी कोशिश टी20 विश्व कप से पहले पूरी तरह से फिट होकर टीम इंडिया में वापसी करने पर होगी। राहुल मौजूदा समय में टीम के सबसे अहम खिलाडि़यों में से एक हैं और वनडे-टी20 में टीम के उपकप्तान भी हैं। सर्जरी सफल होने के बाद राहुल ने हॉस्पिटल से ही अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा ठपिछले दो हफ्ते काफी मुश्किल रहे हैं, लेकिन सर्जरी सफल रही। मैं अच्छे तरीके से रिकवर कर रहा हूं। मेरी वापसी का सफर शुरू हो गया है। आपके संदेशों औप प्रार्थनाओं के लिए शुक्रिया। जल्द मिलेंगे। आईपीएल 2022 में भी सुपरहिट रहे राहुल केएल राहुल आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं और इस सीजन भी उनका बल्ला जमकर बोला है। आईपीएल 2022 में राहुल ने तीन शतक लगाए और अपनी टीम को प्लेऑफ में भी पहुंचाया, लेकिन यह टीम एलिमिनेटर मैच से आगे नहीं बढ़ पाई। एलिमिनेटर मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को आरसीबी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में राहुल को भारत का कप्तान बनाया गया था, लेकिन वो चोट के चलते बाहर हो गए और ऋषभ पंत को कप्तानी मिली। राहुल अब तक चार मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं और सभी में भारत को हार का सामना करना पड़ा है।



# रोहित की गैरमौजूदगी में शुभमन के साथ कौन करेगा ओपनिंग इन खिलाडियों का नाम आया सामने

**नई दिल्ली ।** बीसीसीआई ने मयंक अग्रवाल को जरूर बर्मिंघम भेजा है, लेकिन उन्हें एक भी मैच की प्रैक्टिस नहीं है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट मौजूदा स्क्वॉड में से ही किसी को शुभमन गिल के जोड़ीदार के तौर पर खेलाने की तैयारी कर रहा है। रोहित शर्मा एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से खेले जाने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। रोहित की कोरोना रिपोर्ट फिर से पॉजिटिव आई है और वह अब भी आइसोलेशन में हैं। ऐसे में ओपनिंग को लेकर टीम इंडिया के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। बीसीसीआई ने मयंक अग्रवाल को जरूर बर्मिंघम भेजा है, लेकिन उन्हें एक भी मैच की प्रैक्टिस नहीं है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट मौजूदा स्क्वॉड में से ही किसी को शुभमन गिल के जोड़ीदार के तौर पर खेलाने की तैयारी कर रहा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया है कि मयंक हाल फिलहाल में ही इंग्लैंड पहुंचे हैं और वह प्लेइंग-11 में शामिल किए जाने के प्लान से बाहर हैं। सूत्र ने बताया कि रोहित की गैरमौजूदगी में चेतेश्वर पुजारा या हनुमा विहारी में से किसी एक को बतौर ओपनर मैदान पर भेजा जा सकता है। इनमें पुजारा की दावेदारी सबसे मजबूत है। वह शुभमन के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। वहीं, विहारी भी इस प्लान में शामिल हैं। विहारी ओपनिंग का रोल पहले (2018) भी ऑस्ट्रेलिया में निभा चुके हैं, लेकिन पुजारा रेस में सबसे आगे हैं। पुजारा के बतौर ओपनर खेलने पर विहारी को मध्यक्रम में बैटिंग मिलेगी। वहीं, विहारी के ओपनिंग करने पर पुजारा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे। इसके अलावा टीम में शुभमन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत का खेलना तय माना जा रहा है। टीम मैनेजमेंट फिलहाल इस पर विचार कर रहा है कि लोअर ऑर्डर शार्दुल ठाकुर के रूप में फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर को मौका दे या स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को मौका दे।



# इंग्लैंड के खिलाफ जसप्रीत बुमराह करेंगे कप्तानी, कोरोना से जूझ रहे रोहित एजबेस्टन टेस्ट से बाहर

**नई दिल्ली ।** लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच के बीच रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित हो गए थे। वह अब तक पूरी तरह फिट नहीं सके हैं। उनकी दूसरी कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। ऐसे में टीम इंडिया बुमराह के नेतृत्व में मैदान पर उतर सकती है। एजबेस्टन टेस्ट से करीब दो दिन पहले बड़ी खबर सामने आई है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि कप्तान रोहित शर्मा एजबेस्टन टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह उस टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी करते दिखेंगे। सूत्रों के मुताबिक इस बात की जानकारी बुमराह को दे दी गई है। लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच के बीच रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित हो गए थे। वह अब तक पूरी तरह फिट नहीं सके हैं। ऐसे में टीम इंडिया नए कप्तान बुमराह के नेतृत्व में मैदान पर उतर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, टीम मीटिंग में बुमराह को कप्तानी करने की जानकारी दे दी गई है। पीटीआई के मुताबिक, रोहित की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट एक बार फिर पॉजिटिव आई है। वह अब भी आइसोलेशन में हैं। केएल राहुल की गैरमौजूदगी में बुमराह का कप्तान बनना तय है। वह टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले 36वें क्रिकेटर होंगे।वहीं, इस साल तीनों फॉर्मेट मिलाकर टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले छठे क्रिकेटर हैं। उनसे पहले इस साल विराट कोहली, केएल राहुल, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या कप्तानी कर चुके हैं। 12 महीने के अंदर टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले वह 8वें क्रिकेटर होंगे। शिखर धवन भी पिछले साल श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के कप्तान रहे थे। बुमराह ने अब तक टेस्ट में 29 मैचों में 123 विकेट लिए हैं। चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि बुमराह को भविष्य का कप्तान माना जा रहा है। भारत में पाकिस्तान की तरह तेज गेंदबाजों को कप्तान नहीं बनाया जाता है। पाकिस्तान में इमरान खान, वसीम अकरम, वकार यूनुस जैसे तेज गेंदबाज टीम की कमान संभाल चुके हैं। वहीं, कर्टनी वॉल्श जैसे तेज गेंदबाज वेस्टइंडीज की कमान संभाल चुके हैं। मौजूदा समय में तेज गेंदबाज पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभाल रहे हैं।अगर 35 साल के बुमराह कप्तान बने तो कपिल देव के बाद पिछले 35 साल में टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज होंगे। मार्च 1987 में कपिल देव के बाद से किसी भी तेज गेंदबाज ने टेस्ट में भारत का नेतृत्व नहीं किया है। हालांकि, कपिल देव एक ऑलराउंडर थे। ऐसे में 90 साल के भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में बुमराह मूल तौर पर बतौर तेज गेंदबाज टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी होंगे। इस साल की शुरुआत में बुमराह को दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के दौरान भारतीय टीम के उप-कप्तान के रूप में पदोन्नत्त किया गया था। तब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा था कि अगर मौका आया तो वह भारत की कप्तानी संभालने को तैयार है। बुमराह के अलावा दो और खिलाडियों के नाम कप्तानी को लेकर सामने आए थे। इनमें ऋषभ पंत और विराट कोहली शामिल हैं। पंत ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी की थी।



**मेष-**:परिवर्तन और आत्मनिरीक्षण इस अवधि के दौरान सफलता की कुंजी है। आज आपको गुणवत्ता और प्रदर्शन पर जोर देना होगा।

**वृष-**:आज आपको करियर के मामले में कोई बड़ी सफलता मिलेगी. कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मिथुन-**:आज धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी. कुछ लोगों के लिए आकस्मिक यात्रा व्यस्त और तनावपूर्ण होगी। कार्यस्थल पर कार्यभार में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है।

**कर्क-**:आज आप अपने भविष्य और स्वास्थ्य को लेकर अधिक उत्सुक रहेंगे और सही लोगों से सलाह लेंगे. प्रचुर मात्रा में आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं।

**सिंह-**:आज कार्यस्थल पर स्थिति अनुकूल रहेगी, लेकिन कुछ भी बोलते समय आपको सावधान रहना चाहिए. आप कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन कुछ और कहेंगे। इससे आपके आसपास के लोगों को कुछ गलतफहमी भी हो सकती है।

**कन्या-**:आपका ज्ञान और हास्य आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. आप अपनी मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देख सकते हैं। यात्रा करने के लिए यह दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है।

**तुला-**:लंबे समय से प्रतीक्षित कानूनी मामले का अचानक लिया गया फैसला आपको हैरान कर देगा। परिवार आपके लिए प्राथमिक है और आप उन्हें खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**वृश्चिक-**:आज आपके वैवाहिक संबंधों के बीच की दूरियां खत्म होंगी. वहीं रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, लेकिन किसी व्यावसायिक मामले को लेकर आप परेशान हो सकते हैं।

**धनु-**:आज आपको परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपके लिए कुछ फैसलों में सटीकता हो सकती है। आत्मविश्वास से जोखिम भरे कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मकर-**:आज के दिन आप तर्क-वितर्क और जिद्दी हो सकते हैं. आप खुद को कठिन परिस्थितियों में पा सकते हैं। जहां तक ??हो सके वाद-विवाद से दूर रहें। परिवार के सदस्य तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं।

**कुंभ-**:आज आपको कार्यक्षेत्र में वृद्धि के कुछ नए अवसर प्राप्त होंगे. आपको उधार दिया हुआ पैसा अचानक वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर कर सकते हैं। रिश्तों में सकारात्मकता आएगी।

**मीन-**:आज आपका दिन सुकून भरा रहेगा मनोरंजन और पढ़ाई के क्षेत्र में समय व्यतीत होगा. आपके काम को लेकर कोई नई योजना बन सकती है।

## सम्पादकीय

# भारत-विरोधी कुनबे का सच : परत-दर-परत बेनकाब होते झूठ के पुलिंदे, विकास की राह में डाले जा रहे रोड़े

हालिया घटनाक्रम देखकर मुझे इस तथाकथित 'एक्टिविस्ट गैंग' की एक अग्रणी आवाज, बुकर पुरस्कार से सम्मानित, 'लेखिका' और वामपंथी अरुंधति रॉय का दो दशक पुराना आलेख स्मरण होता है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि गुजरात दंगे के दौरान जाफरी की बेटी को भीड़ ने निर्वस्त्र करके जीवित जला दिया था, जोकि सफेद झूठ था। गत 24 जून को सर्वोच्च न्यायालय का 2002 गुजरात दंगा मामले में निणर्य आया। इसके अगले ही दिन राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक आरबी श्रीकुमार के साथ 'सिटिजन फॉर जस्टिस एंड पीस' नामक एनजीओ की सचिव तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 468 (जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेजों का उपयोग), 194 (झूठे साक्ष्य गढ़ने) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इसमें तीसरे आरोपी पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट हैं, जो पहले से हिरासत में मौत के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। इन तीनों पर यह आरोप किसी सरकारी एजेंसी की रिपोर्ट पर नहीं, अपितु शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त एसआईटी की प्रामाणिक जांच के पश्चात न्यायिक जिरह और तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ के निष्कर्ष के आधार पर लगाए गए हैं। इसके अनुसार, '...हमें प्रतीत होता है कि गुजरात के असंतुष्ट अधिकारियों के साथ अन्य लोगों का एक संयुक्त प्रयास खुलासे करके सनसनी पैदा करना था... जांच के बाद एसआईटी ने उनके झूठ को पूरी तरह से उजागर कर दिया... दिलचस्प है कि मौजूदा कार्यवाही (जकिया जाफरी द्वारा) पिछले 16 वर्षों से चल रही है... ताकि मामला उबलता रहे। जांच प्रक्रिया में इस तरह के दुरुपयोग में शामिल सभी लोगों को कठघरे में खड़ा करने और विविधवत रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।' इस षड्यंत्र का केंद्रबिंदु तीस्ता सीतलवाड़ हैं, जिनके पूर्व सहयोगी रईस खान अदालत में शपथपत्र दाखिल करके उन पर झूठी गवाही दिलाने का आरोप लगा चुके हैं। बेस्ट बेकरी कांड की प्रमुख गवाह यास्मीन बानो शेख ने भी अदालत को बताया था कि तीस्ता ने उसे अदालत में झूठ बोलने को विवश किया था। यही नहीं, दंगा पीडि़तों को मदद पहुंचाने के नाम पर एकत्र चंदे का निजी उपयोग करने और विदेशी वित्तपोषण के लिए एफसीआरए का उल्लंघन करने का उन पर आरोप है। इस प्रकार के पापों की एक लंबी सूची है। तीस्ता की भांति झूठ का पुलिंदा बांधने में श्रीकुमार का भी कोई सानी नहीं। उन्होंने न केवल गुजरात दंगे को लेकर भ्रामक गवाही दी, अपितु इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को 1994 में फर्जी जासूसी के मामले में फंसाने का षड्यंत्र भी रचा। तब श्रीकुमार केरल में खुफिया विभाग के उप-निदेशक थे और उनके सामने नंबी को केरल पुलिस द्वारा हिरासत में कई बार पीटा भी गया। बाद में सीबीआई ने नंबी पर लगाए आरोपों को पूर्णतया फर्जी और मनगढ़ंत बताया। वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने नंबी को मुआवजा देने के साथ उन अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए, जिन्होंने फर्जी मामले की पटकथा लिखी। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने नंबी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। इस प्रतिभाशाली वैज्ञानिक को फंसाने का एकमात्र उद्देश्य भारत को क्रायोजेनिक इंजन से विमुख रखने का प्रयास था, जिस पर वह काम कर रहे थे। इस इंजन से दो हजार किलो वजनी उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जा सकता है, जिसमें देश 20 वर्ष बाद सफल हुआ। सोचिए, श्रीकुमार के देशविरोधी षड्यंत्र के कारण देश को यह उपलब्धि प्राप्त करने में दो दशक का विलंब हो गया। बात यहीं तक सीमित नहीं। वर्ष 2019 की फोर्ब्स रिपोर्ट हमें यह समझाने में सहायता करती है कि कैसे पर्यावरण-मानवाधिकार के नाम पर (विशेषकर एनजीओ द्वारा) देश के विकास को सफलतापूर्वक बाधित किया जा रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1985 में भारत और चीन का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बराबर 293 डॉलर था, जिसमें बाद में जमीन-आसमान का अंतर आ गया।

# वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना ने फलस्तीनी उग्रवादी को गोली मारी, बांग्लादेश में हिंदू शिक्षक की हत्या, पढ़ें खास खबरें

इस्राइली सेना ने दो लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की थी जिसके बाद जेनिन के पास हुई झड़प में 25 वर्षीय मोहम्मद मेरई को गोली लग गई और उसकी मौत हो गई। इस्राइली बलों ने वेस्ट बैंक में छापेमारी के दौरान भड़के संघर्ष में फलस्तीन के एक उग्रवादी को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली सेना ने दो लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की थी जिसके बाद जेनिन के पास हुई झड़प में 25 वर्षीय मोहम्मद मेरई को गोली लग गई और उसकी मौत हो गई। फलस्तीनी इस्लामी जिहाद कट्टरपंथी समूह ने दावा किया है कि मेरई उसका लड़ाका था। दक्षिण अफ्रीका में 21 युवाओं की मौत का कारण बनी जहरीली गैसदक्षिण अफ्रीका के पूर्वी तट स्थित एक शराबखाने में पिछले सप्ताह 21 युवाओं की मौत का कारण जहरीली गैस बनी थी। जांच से जुड़े अधिकारियों के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। बाहरी ईस्ट लंदन शहर में जिस स्थान पर युवा मृत मिले, वह रात्रि प्रवास के लिए लोकप्रिय था। स्थानीय लोग इसे बंद करने की मांग कर रहे थे। ऐसे काफी युवा है, जो अस्पताल ले जाए जाने के कारण जान बचाने में सफल रहे। कुछ अन्य लोगों पर गैस का कोई असर नहीं हुआ। फॉरेंसिक टीम के प्रवक्ता ने अंतिम रिपोर्ट आने से पहले इस पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।फ्रांस की राजधानी में हुए सबसे भीषण आतंकी हमले की सुनवाई विशेष अदालत ने पूरी कर ली है। अब सजा सुनाई जानी है। 2015 में हुए इस आतंकी हमले में 130 लोगों की मौत हुई थी। इस वारदात में शामिल 20 आतंकियों में से अब केवल सालेह अब्देस्लाम (32) ही जीवित है। उसे ही हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है।आधुनिक फ्रांस के इतिहास के सबसे लंबे इस मुकदमे की सुनवाई पिछले साल सितंबर में शुरू हुई थी। नौ महीने तक पीडि़त, पत्रकार और मृतकों के परिजन विशेष रूप से बनाई गई अदालत में आते रहे। 13 नवंबर 2015 को नेशनल फुटबॉल स्टेडियम और बाटाक्लेन म्यूजिक वेन्यू में बंदूकों और भारी हथियारों से लैस 10 लोगों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। और बमों से किए हमलों में सैकड़ों लोग घायल भी हुए थे। गवाहों के बयान के दौरान भी कोर्ट में मौजूद लोगों को वह भयावह मंजर याद आया तो वे सिहर गए। बाटाक्लेन के भीतर के ऑडियो भी कोर्ट में चलाए गए। आरोपी अब्देस्लाम विरोधाभासी बयान दे रहा है। एजेंसी बांग्लादेश में हिंदू स्कूल शिक्षक की दिनदहाड़े हत्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हमला जारी है। ताजा घटना में एक स्कूल के राजनीतिक विज्ञान के शिक्षक उत्पल कुमार सरकार की 19 वर्षीय अशराफुल इस्लाम ने क्रिकेट के विकेट से पीट-पीट कर हत्या कर दी। यह घटना 25 जून की है। जानकारी के मुताबिक उत्पल ढाका स्थित हाजी यूनुस अली स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ाते थे। इस घटना के बाद से उनकी बूढ़ी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे की तस्वीर के साथ बिलखती हुई महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। बताया जाता है कि आरोपी अशराफुल उसी स्कूल में 10वीं का छात्र है। उसने वारदात वाले दिन स्कूल के मैदान में दिनदहाड़े शिक्षक



उत्पल की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस घटना को लेकर हिंदू समुदाय में गहरा आक्रोश है। करतारपुर, पाकिस्तान में धार्मिक आजादी की प्रतिबद्धता : बाजवा पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने ब्रिटिश सिख सैनिकों के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को बताया कि ऐतिहासिक करतारपुर गलियारा धार्मिक आजादी और सद्भाव के प्रति पाकिस्तान की अटूट प्रतिबद्धता की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। ब्रिटिश फील्ड आर्मी के उप कमांडर मेजर जनरल सेलिया जे हार्वे, के नेतृत्व में एक समूह ने रावलपिंडी में सेना मुख्यालय में जनरल बाजवा से मुलाकात की।बैठक के दौरान बाजवा ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि पाकिस्तान सभी धर्मों का सम्मान करता है और सेना के अनुसार देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत को भी मानता है। बता दें, करतारपुर गलियारा धार्मिक प्रतिनिधिमंडल ने लाहौर का दौरा किया जहां गणमान्य व्यक्तियों ने वाघा बॉर्डर पर ध्वज समारोह देखा। ब्रिटिश सिख सैनिकों ने देश के कई धार्मिक स्थलों का दौरा किया और वे ओरकजई जिले में भी गए। उन्होंने लॉकहार्ट किला और सारागढ़ी स्मारक भी देखा। भारत दौरे पर बांग्लादेश पीएम हसीना करेंगी रोहिंग्याओं की वापसी पर चर्चा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना इस साल नवंबर में भारत आने वाली हैं। वह यहां पर रोहिंग्याओं के मुद्दे पर भी विचार करेंगी। बांग्लादेश के विदेश सचिव मसूद बिन मोमेन ने बुधवार को इस संबंध में जानकारी दी। मोमेन ने कहा, प्रधानमंत्री हसीना म्यांमार से बांग्लादेश आए रोहिंग्या शरणार्थियों से नशा तस्करी जैसी बढ़ने वाली समस्याओं का मुद्दा भी उठाएंगी। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेशी पीएम को भारत आने का न्योता दिया है। मोमेन ने कहा, हमारे लिए एकमात्र सुविधाजनक समाधान रोहिंग्याओं को उनके प्रांत रखाइन वापस भेजना है। उन्होंने कहा, मैं आश्वस्त हूं कि शेख हसीना जब पीएम मोदी से मिलेंगी तब इस बात पर भी विचार करेंगी कि रोहिंग्याओं की वापसी पर भारत किस तरह मदद देगा। मकानों की कीमतें 9झ् तक बढ़ीं, बिक्री पर असर नहीं पिछले एक साल में देश के प्रमुख शहरों में मकानों की कीमतों में 5 से 9 फीसदी का इजाफा हुआ है। बावजूद इसके बिक्री में तेजी रही है। सालाना आधार पर शीर्ष 8 शहरों में अप्रैल-जून तिमाही में 74,330 मकानों की बिक्री हुई। यह एक साल पहले समान तिमाही में 15,968 की तुलना में 4.5 गुना ज्यादा है। हालांकि, पिछली तिमाही से मांग केवल 5 फीसदी बढ़ी है। उस तिमाही में 70,623 मकानों की बिक्री हुई थी। प्रॉपटाइगर के अनुसार, इस दौरान दिल्ली और एनसीआर में मकानों की बिक्री में 60झ् की तेजी रही। इस साल अप्रैल-जून में 4,520 मकान बिके, जबकि एक साल पहले 2,830 मकान बिके थे। दिल्ली में मकानों के दाम 6 फीसदी बढ़े हैं। बंगलूरू में अप्रैल-जून के दौरान कुल 8,350 मकानों की बिक्री हुई। एजेंसी संदीप गुप्ता गेल के नए चेयरमैन होंगे नई दिल्ली। इंडियन ऑयल में वित्त विभाग के निदेशक संदीप कुमार गुप्ता गेल इंडिया के नए चेयरमैन होंगे। पब्लिक एंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड (पीईएसबी) ने 10 उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद 56 वर्षीय गुप्ता के नाम को चुना है। इंडियन ऑयल में उन्हें 31 साल का अनुभव है। वर्तमान चेयरमैन मनोज जैन 31 अगस्त को रिटायर होंगे। एजेंसी बायजू ने 2,500 कर्मियों को नौकरी से निकाला, पिछले साल 1,690 करोड़ था घाटा नई दिल्ली। 22 अरब डॉलर के मूल्यांकन वाली एडटेक कंपनी बायजू ने लागत घटाने के लिए अपनी कई कंपनियों में से 2,500 कर्मचारियों को निकाल दिया है। निकाले गए कर्मचारियों में कुछ ठेके वाले हैं और कुछ नियमित हैं। 27 और 28 जून को इसने अपनी दो कंपनियों टापर और व्हाइट हैट जूनियर में से 1,500 लोगों को निकाला था। इन दोनों कंपनियों को इसने 45 करोड़ डॉलर में खरीदा था। बुधवार को कंपनी ने 1,000 और कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। जिन लोगों को निकाला गया है, उनका कार्यकाल अक्तूबर-नवंबर में पूरा होगा। बायजू को 2021 में 1,690 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। ब्यूरो 122 स्टार्टअप चार साल में बन सकते हैं यूनिकॉर्न मुंबई। फंडिंग की दिक्कतों के बावजूद अगले चार साल में 122 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं। इनका मूल्यांकन इस समय 20 करोड़ डॉलर का है। इनके पास 82,300 कर्मचारी हैं। इसके साथ ही यूनिकॉर्न की संख्या 200 तक पहुंच जाएगी। पीएसएलवी-सी 53 मिशन के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बृहस्पतिवार को अपने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) से तीन उपग्रहों का अंतरिक्ष में प्रक्षेपण करेगा। सिंगापुर से संबंधित तीन उपग्रहों को न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ एक अनुबंध के तहत लांच किया जा रहा है। यह न्यू इंडिया स्पेस मिशन का दूसरा मिशन है। पीएसएलवी सी- 53 मिशन सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा के दूसरे लांच पैड से शाम 6:00 बजे लांच किया जाएगा। मिशन के लिए उल्टी गिनती 29 जून शाम 5 बजे से ही शुरू हो गई है। कोलंबिया ने भारत से मांगी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में मदद बंगलूरू। कोलंबिया ने अपने राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से सहायता मांगी है। भारत में कोलंबिया की राजदूत मारियाना पाचेको ने अंतरिक्ष विभाग में सचिव व भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ से मंगलवार को इस सिलसिले में मुलाकात की। इसरो ने बैठक के दौरान पाचेको ने सितंबर 2021 में हस्ताक्षरित भारत-कोलंबिया समझौता ज्ञापन के तहत दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जारी सहयोग पर संतोष जताया। सोमनाथ ने पाचेको को कोलंबिया के विभिनन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण में हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। भारत से सहयोग बढ़ाने को पहुंचा ऑस्ट्रेलियाई सैन्य दल नई दिल्ली। भारत के साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग को व प्रगाढ़ करने के रास्ते तलाशने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई सेना का प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह के दौरे पर भारत आया है। 25 जून को पहुंचे दल के अधिकारी दोनों सेनाओं के बीच तालमेल बेहतर करने और रक्षा पर औद्योगिक सहयोग पर बातचीत की। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री रिचर्ड मार्लेस के तीन दिवसीय भारत दौरे के बाद रक्षा दल का यह दौरा हो रहा है। ब्यूरो सीबीएसई-सीआईएससीई के नतीजे 15 जुलाई तक नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) के 10वीं और 12वीं के परिणाम 15 जुलाई तक आ सकते हैं। कोरोना को देखते हुए इस साल परीक्षाएं दो हिस्सों में हुई थीं। सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा 24 मई व 12वीं की परीक्षा 15 जून को समाप्त हुई थी। वहीं, सीआईएससीई 10वीं और 12वीं की परीक्षा क्रमशः 20 व 13 जून को संपनन्न हुई थी। एजेंसी आंध्र प्रदेश के 90 हजार कर्मचारियों के करोड़ों रुपये खाते से गायब अमरावती। आंध्र प्रदेश में 90 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों के खातों से करोड़ों रुपये अचानक निकल गए। बताया जाता है कि ये रकम कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा कराने के बाद निकाले गए।, राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि महंगाई भत्ते का एरियर गलती से कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा हो गया था। राज्य के विशेष मुख्य सचिव (वित्त) एसएस रावत ने बुधवार को कहा कि तकनीकी खामी को ठीक करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# महाराष्ट्र सियासतः शरद पवार युग समाप्त, देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए चाणक्य

बतौर विपक्षी नेता देवेंद्र फडणवीस कभी घर नहीं बैठे। यहां तक कि जब कोरोना महामारी के कारण अनिच्छा से मुख्यमंत्री पद स्वीकार करने वाले उद्धव ठाकरे माताश्री से बाहर ही नहीं निकलते थे, वहीं फडणवीस राज्य का दौरा करते रहे और लोगों का दुख-दर्द बांटते रहे। महाराष्ट्र की राजनीति में 10 जून से 29 जून 2022 के दौरान जो कुछ भी हुआ या आगे दो तीन दिन होने वाला है, उसे देखकर यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही छत्रपति शिवाजी महाराज की धरती के असली चाणक्य हैं और निःसंदेह मराठा क्षत्रप शरद पवार का युग लगभग समाप्त हो चुका है। जाहिर है इसे पवार साहब को स्वीकार करके सक्रिय राजनीति से अलग हो जाना चाहिए, क्योंकि यह भी साबित हो गया है कि बालासाहेब ठाकरे के अयोग्य उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाकर उनकी आड़ में राज्य में सत्ता के संचालन की उनकी कोशिश अंततः नाकाम हो गई। पवार के पावर की विसर्जन बेला शरद पवार की इमेज जहां आज भी वर्ष 1978 के उस राजनेता की है, जिसने मुख्यमंत्री वंसतदादा पाटिल के साथ कपट किया और उनके विधायकों को तोड़कर राज्य की सत्ता हथिया ली थी। पवार आज भी उस तिकड़मी छवि से बाहर नहीं आ सके हैं। लेकिन दूसरी ओर फडणवीस की इमेज मौजूदा राजनीतिक बवंडर के दौरान जेंटलमैन नेता की बनी रही। एकनाथ शिंदे से बगावत करवाई, लेकिन इसे शिवसेना का अंदरूनी मामला करार दे दिया। शिवसेना विधायकों की बगावत करवा करके फडणवीस ने पवार और उद्धव दोनों को उन्हीं की स्टाइल में करारा जवाब दिया है। चतुर राजनेता की चतुर नीति से सांप भी मर गया और लाठी भी अक्षुण्ण रही। एक तरह से यह 2019 का भूल-सुधार भी कहा जाएगा। वैसे सोशल मीडिया पर रविवार से ही हैशटैग मी पुनः येईन मतलब मैं फिर से आ रहा हूं, ट्रेंड करने लगा है। यह वर्ष 2019 में फडणवीस का चर्चित स्लोगन था, जो उन्होंने अपनी जनादेश यात्रा के दौरान लगाया था। उस समय वह ओवर कॉन्फिडेंट के शिकार हो गए थे और उद्धव ठाकरे के चक्रव्यूह में फंस गए थे, इसीलिए नवंबर 2019 में जब बाल ठाकरे की ठाकरे परिवार के चुनाव की राजनीति से दूर रखने की परंपरा को तोड़ते हुए शरद पवार ने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे राज्य को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलवाई तो फडणवीस के स्लोगन मी पुनः येईन का मज़ाक उड़ाया जाने लगा था। सक्रीय फडणवीस की वापसी और सियासी सीखें कहा जा सकता है कि नवंबर 2019 के बाद देवेंद्र फडणवीस को लग गया कि ठाकरे परिवार और पवार परिवार पर भरोसा करना उनके राजनीतिक जीवन के दो ब्लुंडर थे। पहला 2019 में चुनाव से पहले भाजपा के विन-विन पोजिशन में रहने के बावजूद शिवसेना से गठबंधन करना और दूसरे चुनावी नतीजे आने के बाद अजित पवार पर भरोसा करना और एकदम सुबह राजभवन में उनके साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ लेना, उनकी राजनीतिक भूल थी। विधानसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद फडणवीस राजनीति रूप से अधिक परिपक्व हुए। उन्हें शिद्दत से एहसास हुआ कि कौन उनका असली साथी है और कौन हाथ में कटार लेकर उनके साथ है। बतौर विपक्षी नेता देवेंद्र फडणवीस कभी घर नहीं बैठे। यहां तक कि जब कि 2019 के चुनाव में जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री बनाने के लिए गठबंधन को वोट दिया था, उसे राजनीतिक साजिश के तहत भले सत्ता नहीं मिल पाई लेकिन वह नेता उनसे कटा नहीं है।कोरोना वायरस के संक्रमण के दौरान फडणवीस उतने नेता बनने की पूरी कूव्वत है और जब नरेंद्र मोदी राजनीति से संन्यास की घोषणा करेंगे तो उनके उत्तराधिकारियों की फेहरिस्त में फडणवीस प्रमुख तीन लोगों में होंगे। उद्धव ठाकरे को ना माया मिली ना राम मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बारे पर से उनकी पकड़ ढीली पड़ गई है और बगावत के दूसरे दिन यानी 22 जून से ही उद्धव को पता चल गया था कि बग़ावत करने वाले शिवसेना विधायक किसी भी कीमत पर वापस नहीं लौटेंगे, क्योंकि उन्हें संदेह है कि सेक्यूलर पॉलिटिक्स



कोरोना महामारी के कारण अनिच्छा से मुख्यमंत्री पद स्वीकार करने वाले उद्धव ठाकरे माताश्री से बाहर ही नहीं निकलते थे, वहीं फडणवीस राज्य का दौरा करते रहे और लोगों का दुख-दर्द बांटते रहे। कोंकण जैसी आपदा समेत कई जगह तो फडणवीस या उनके लोग सरकार से पहले पहुंच जाते थे। इससे राज्य की जनता का फडणवीस में भरोसा बढ़ता ही गया। राज्य के लोग भी मानने लगे ही सक्रिय रहे, जितने सक्रिय वह राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए थे। उनकी सक्रियता का आलम यह था कि वह दो-दो बार वह कोरोना से संक्रमित हुए, लेकिन जनता की सेवा करने के अपने इरादे से विचलित नहीं हुए। यही बात फडणवीस के पक्ष में जाती है। की राजनीति में फडणवीस का ग्राफ बहुत तेज़ी से बढ़ा है। राजनीतिक पंडित मानने लगे हैं कि फडणवीस में भाजपा की अगली पीढ़ी के शीर्ष में यही कहा जा सकता है कि पवार के झांसे में आकर सेक्यूलर बनने का उनका फैसला ब्लुंडर साबित हुआ और इस चक्कर में उन्होंने अपने पिता की विरासत को भी गंवा दिया। राजनीतिक हलकों में 22 जून से ही कहा जा रहा है कि वर्षा छोड़ते समय उद्धव सीएम पद भी छोड़ दिए होते तो थोड़ी सहानुभूति मिलने की गुंजाइश रहती। उद्धव को 10 जून 2022 को राज्यसभा चुनाव में एहसास हो गया था कि शिवसेना से वे दोबारा विधायक चुने जा सकेंगे। र्ष 2019 में चुनावी राजनीति में उतरने से पहले उद्धव ठाकरे को जेंटलमैन पॉलिटिशियन माना जाता था। वह अपने पिता की तरह आक्रामक स्वभाव के नहीं, बल्कि विनम्र राजनेता थे। इसीलिए जब बाल ठाकरे ने पुत्र मोह में पड़कर राज ठाकरे की जगह उद्धव को अपना उत्तराधिकारी बनाया तभी राजनीति के टीकाकारों को लगा कि सीनियर ठाकरे ने एक अदूरदर्शी और घातक फैसला ले लिया और कमजोर व्यक्ति एवं अपरिपक्व व्यक्ति को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। इसका नतीजा 2014 के चुनाव में ही देखने को मिला, जब राज्य के भारतीय जनता पार्टी के साथ भगवा गठबंधन में शिवसेना बड़े भाई से छोटी बहन की भूमिका में आ गई। यह शिवसेना के पतन की शुरुआत थी दरअसल, उद्धव ठाकरे ने अगर अपने पिता की विरासत को गंवा दी तो उसके लिए वह उसी तरह ज़िम्मेदार हैं, जिस तरह 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा-शिवसेना गठबंधन टूटने के लिए भाजपा नेतृत्व को जिम्मेदार माना था और चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बारे में इस तरह का कमेंट किया था, जिससे आम तौर पर परिपक्व नेता बचता है। 2014 के चुनाव प्रचार में उद्धव के भाषण से साफ हो गया था कि उन्हें भविष्य जब भी मौक़ा मिलेगा, वह भाजपा से बदला ज़रूर लेंगे। यहां फडणवीस उनकी मंशा भांपने में असफल रहे।बहरहाल, 2019 में जब भाजपा की विधानसभा में विधायक संख्या 122 से घटकर 106 होते ही उन्हें अपने अपमान का बदला लेने का सही मौक़ा मिल गया। उद्धव ने भाजपा के सामने ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री के कार्यकाल की शर्त रख दी, जबकि भगवा गठबंधन ने फडणवीस के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। इसके बाद ज़ाहिर तौर पर फडणवीस को दोबारा पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर चुकी भाजपा ने उद्धव ठाकरे की शर्त सिरे से ख़ारिज कर दी और गठबंधन टूट गया।भाजपा को सबक सिखाने के चक्कर में उद्धव पवार के चक्रव्यूह में फंस गए। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी का गठन किया। सीनियर ठाकरे की परंपरा से हटकर मुख्यमंत्री बने और बेटे को भी मंत्री बना दिया। सीएम बनने के बाद तो हिंदू हृदय सम्राट बाल ठाकरे की शिवसेना सेक्युलर शिवसेना के रूप में ट्रांसफॉर्म होने लगी।उद्धव ने शिवसेना को ऐसी सेक्यूलर राजनीतिक दल बना दिया जो हिंदू विरोधी कार्य करती दिख रही थी। जो ज़िंदगी भर शिवसैनिक राग हिंदू आलापता था, वह समझ ही नहीं पाया कि उद्धव साहेब यह क्या कर रहे हैं। वे देख रहे थे कि हिंदूवादी शिवसेना सरकार हिंदुत्व के पैरोकारों की ही ऐसी की तैसी कर रही है।ढाई साल में शिवसेना हिंदू-विरोधी पार्टी बन गई। इससे शिवसेना विधायकों की हवाइयां उड़ने लगी। उन्हें साफ दिखने लगा कि उद्धव की हिंदू विरोधी नीति से उनका राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा।यही वजह है कि जब एकनाथ शिंदे ने उद्धव का विरोध करने की पहल की तो तो तिहाई से ज्यादा विधायक उनके साथ हो लिए। अब तो भविष्य में उद्धव के साथ रहने वाले 10-12 विधायक और राज्यभर में शाखा प्रमुख के भी शिंदे खेमे में चले जाएं तो हैरानी नहीं होगी।डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): यह लेखक के निजी विचार हैं। आलेख में शामिल सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए अमर उजाला उत्तरदायी नहीं है। अपने विचार हमें पर भेज सकते हैं। लेख के साथ संक्षिप्त परिचय और फोटो भी संलगन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### एलजी मनोज सिन्हा ने की पूजा, बोले बाबा के आशीर्वाद से सभी की यात्रा होगी सफल

**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि अमरनाथ गुफा में दर्शन करने के बाद हर तीथर्यात्री खुश होकर वापस लौटेगा और उम्मीद है कि सभी की प्रार्थना स्वीकार की जाएगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि श्री अमरनाथ बाबा के आशीर्वाद से यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से पूरी होगी और लोगों की मनोकामनाएं भी बाबा भोले पूरी करेंगे। 43 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा गुरुवार को पहलगाम में पारंपरिक नुनवान आधार शिविर और छोटे मार्ग बालटाल शिविर से शुरू हुई। कोरोना महामारी के चलते दो साल तक यात्रा नहीं हो पाई थी उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि देशभर से तीथर्यात्री बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि अमरनाथ गुफा में दर्शन करने के बाद हर तीर्थयात्री खुश होकर वापस लौटेगा और उम्मीद है कि सभी की प्रार्थना स्वीकार की जाएगी। एलजी मनोज सिन्हा ने यह भी कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पूरे देश के विकास, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन..............

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ठनशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा व स्वास्थ्य विभाग की और से राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह एडीशनल डी0सी0पी0 एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महिला थाना की एच0 एच0 ओ0, नीरज उपस्थित रही। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजकीय आयुविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के डॉयरेक्टर डॉ0 विग्रेडियर राकेश गुप्ता एवं डॉ0 सुनील कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया। राजकीय आयुविज्ञान संस्थान की चिकित्सक डॉ0 पायल जैन ने नशे के दुरूपयोग के बारे में बताया व इसके साथ ही साथ नशाखोरी की चपेट में आने वाले युवा वर्ग इस तरह जाल में फंसता है कि उसके सोचने समझने की क्षमता भी नष्ट हो जाती है, जिससे वह अपने जीवन में कोई भी निर्णय नहीं ले पाता है। नशा करने के लिये अनेक मादक पदार्थो का सेवन जैसे-शराब, गांजा, चरस, स्मैक, अफीम, बीडी, सिगरेट एवं तम्बाकू आदि का सेवन करने लगता है। नशाखोरी से व्यक्ति अनेक ऐसे गलत कार्यों को करने लगता है जो समाज के खिलाफ होते है। रणविजय सिंह, एडशिनल डी0सी0पी0 ने बताया कि भारतीय समाज मे सबसे अधिक संख्या युवा वर्ग की है। युवा वर्ग देश के विकास का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। वर्तमान मे हमारे देश के युवा नशाखोरी की समस्या से जूझ रहे है नशाखोरी मे डूबा हुआ व्यक्ति अनेक समस्याओं का सामना करने की अपेक्षा, समस्याओं को भुलाने के लिये नशे का सहारा लेता है और यह नशा उसके जीवन के शारीरिक, मानसिक, समाजिक एवं आर्थिक स्तर को नीचे गिराता है। आई0एम0ए0 के अध्यक्ष, प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ0 सुनील अवाना ने मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक बीमारियों का प्रमुख कारण नशे की लत की वजह से मानसिक बीमारियां बढ़ रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों को नशा छोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया और बताया कि नशा हमारे सम्पूर्ण जीवन को बर्बाद कर देता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (नोडल अधिकारी, नशा मुक्त भारत अभियान) ने बताया गया कि नशे से होने वाली मानसिक एवं शारीरिक बीमारियों के बारे में जागरूक किया। डॉ0 सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया कि हमारे जिले मे मानसिक स्वास्थ्य विभाग संयुक्त जिला चिकित्सालय, सैक्टर-30, नोएडा में 03 दिवस ओ0 पी0 डी0 सेवायें दी जाती है एवं 03 दिन मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा क्षेत्रीय गतिविधियां, स्कूल / कॉलेज, सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों स्वंय सेवी संस्थान इत्यादि में दी जाती है। डॉ0 श्वेता खुराना, जनपदीय सलाहकार द्वारा आये समस्त अतिथिगण को भारत सरकार द्वारा निर्देशित नशा मुक्त अभियान की शपथ दिलवाई गई। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। डॉ0 सुनील दोहरे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 द्वारा आभार व्यक्त करते हुये सभी को धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम का समापन किया।



# हिमाचल में भारी बारिश ने बरपाया कहर, भूस्खलन से कई सड़कें ठप

**हिमाचल।** गाडियां क्षतिग्रस्त, तस्वीरों में देखें तबाही हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। सामान्य से पांच दिन देरी से मानसून की जोरदार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन व मलबा आने से व्यापक नुकसान हुआ है। इससे लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भूस्खलन की चपेट में आने से कई जगह गाडि़यां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में आज भी भारी बारिश और अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। प्रदेश में चार जुलाई तक प्रदेश में भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को नदी-नालों में न उतरने की चेतावनी दी है। चंबा जिले में भारी बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कारण भरमौर- पठानकोट हाईवे समेत दो दर्जन मार्ग बंद हो गए। कुल्लू जिले में भी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। भारी बारिश से मोगीनंद में पांवटा-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे तालाब बन गया। तस्वीरें में देखें भारी बारिश से हुई तबाही चंबा के सलूणी-सुंडला मुख्य सड़क मार्ग पर कैला मोड़ के समीप एक कार हवा में लटक गई। सवारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत गाड़ी से बाहर निकल अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार सलूणी-सुंडला मुख्य मार्ग पर कैला में भारी बारिश से डंगा क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी वजह से यह हादसा हुआ। रस्सी लगाकर सड़क से बाहर लटकी कार को निकाला गया। जिले में अलग-अलग जगहों में दो बाइकों के अलावा कारें, ट्रैक्टर मलबे में दब गए हैं। वहीं, भरमौर-पठानकोट हाईवे बंद हो गया है। इसके अलावा करीब दो दर्जन मार्ग भी बंद हो गए हैं। जिले में देर रात से जारी भारी बारिश ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। हरिपुर में गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। एनएच एसडीओ कनव बडोत्रा ने कहा कि हाईवे और मार्गों को बहाल करने में मशीनरी जुटी हैं। जल्द ही इन्हें बहाल कर दिया जाएगा। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में सड़कों पर पानी जमा होने से प्रशासन की तैयारियों की पोल खुल गई। वहीं, कालका-शिमला हाईवे पर सोलन जिले के धर्मपुर के समीप कार पर पहाड़ी से पत्थर गिर गए। हालांकि बड़ा हादसा टल गया। देर रात हुई बारिश से जिले में एक दर्जन संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। बरसात का मौसम आते ही कालका-शिमला एनएच पर पत्थर गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रशासन ने वाहन चालकों को एहतियात बरतने के लिए कहा है। साथ ही पर्यटकों व स्थानीय लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। उधर, कुल्लू जिले में भी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। सैंज में काटलू नाला में एक विशालकाय पेड़ गिरने से पेयजल स्कीम क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश से जिले के नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है। प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को नदी-नालों में न उतरने की चेतावनी दी है। भारी बारिश से मोगीनंद में पांवटा-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे तालाब बन गया। इससे वाहन चालकों समेत राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। जगह-जगह जलभराव हुआ है। पूरे सिरमौर में बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 72 घंटों के दौरान भारी बारिश के चलते शिमला और सिरमौर जिला के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। शिमला में आज सुबह से मौसम खराब बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-धर्मशाला के तहत हमीरपुर जिले के नादौन पुल पर बारिश का पानी जमा होने से पुल के क्षतिग्रस्त होने को खतरा बढ़ गया है।



# झमाझम बारिश में भीगी दिल्ली, गर्मी से बेहाल लोगों ने ली राहत की सांस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में गुरुवार सुबह मौसम ने करवट ले ली। गर्मी और उमस से परेशान दिल्लीवासियों का इंतजार खत्म हुआ और राजधानी झमाझम बरसात से भीग उठी। दिल्ली के कई इलाकों में जोरदार और कई जगह सुबह सवेरे ही हल्की बारिश हुई। इसी के साथ बीते कुछ दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। मालूम हो कि दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से गर्मी चरम पर थी और पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब था। इससे परेशान होकर लोग बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे थे।मौसम विभाग ने बुधवार को अनुमान जताया था कि 30 जून से एक जुलाई के बीच दिल्ली एनसीआर में मानसून दस्तक दे देगा। बता दें कि दिल्ली में आज बारिश के साथ ही तेज हवाओं और आंधी के भी आसार हैं। उम्मीद है कि मानसून के आने से दिल्ली के अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी और यह करीब छह डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाएगा। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।बता दें कि साल 2021 में मानसून मौसम विभाग की संभावित तारीख से 10-15 दिन की देरी से पहुंचा था। इसके इंतजार में लोगों का बुरा हाल हो गया था। इस बार भी विभाग ने 27 जून की तारीख दी थी, लेकिन मानसून को आने में लगातार देरी हो रही थी और गर्मी के कारण एक-एक दिन काटना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा था। ऐसे में लोगों को पिछले साल की तरह ही मानसून के देर से आने का डर सता रहा था। लेकिन सुबह सवेरे अचानक बारिश की फुहारों ने लोगों के चेहरों पर खुशियां ला दी।




# बीते 24 घंटे में कोरोना के मामलों में आया उछाल, संक्रमण दर छह फीसदी के करीब

**नई दिल्ली।** राजधानी में बीते 24 घंटे में कोरोना के नए मामलों में उछाल आया है। बृहस्पतिवार को दिल्ली में 1109 नए मामले मिले हैं व एक मौत दर्ज की गई है। नए मामलों के साथ संक्रमण दर 5.87 फीसदी रही है। स्वास्थ्य विभाग ने बीते एक दिन में कोरोना के 18886 टेस्ट किए हैं। इसमें से 13509 आरटीपीसीआर व 5377 एंटीजन टेस्ट हुए हैं। होम आइसोलेशन में उपचाराधीन मरीजों का आंकड़ा 2958 है, जबकि 1265 मरीजों ने कोरोना को हराया है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या 273 है। इसमें से आईसीयू में 81, ऑक्सीजन सपोर्ट पर 85 व वेंटिलेटर पर 12 मरीज भर्ती हैं। बीते एक दिन में 29345 लोगों ने टीके की खुराक ली है। इसमें से 1861 ने पहली व 5512 लोगों ने दूसरी खुराक ली है। एहतियाती खुराक लगाने वाले लोगों का आंकड़ा 21972 है। सक्रिय मरीजों की संख्या 4325 व कंटेनमेंट जोन 383 हैं।



# एचआरटीसी बसों में महिलाओं का लगेगा आधा किराया, सीएम जयराम ने धर्मशाला में लांच की स्कीम

**हिमाचल।** सीएम जयराम ने धर्मशाला में 'नारी को नमन' कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में 50 फीसदी किराये की छूट का शुभारंभ किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। एचआरटीसी बसों में महिलाओं का लगेगा आधा किराया, सीएम जयराम ने धर्मशाला में लांच की स्कीमएचआरटीसी बसों में महिलाओं का लगेगा आधा किराया, सीएम जयराम ने धर्मशाला में लांच की स्कीमुख्यमंत्री जयराम ठाकुर गुरुवार को धर्मशाला में 'नारी को नमन' कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) की बसों में 50 फीसदी किराये की छूट का शुभारंभ किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम धर्मशाला बस स्टैंड और धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस स्टैंड धर्मशाला से धर्मशाला कॉलेज के सभागार तक एचआरटीसी की नई बस में सफर किया। इस दौरान परिवहन, उद्योग, श्रम एवं रोजगार मंत्री बिक्रम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सहित विधायक का बस किराया दिया। बस चालक के रूप में सीमा ठाकुर ने अपनी सेवाएं दीं। सीमा ठाकुर पथ परिवहन निगम की पहली महिला बस चालक है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के मौके पर एचआरटीसी बसों में महिलाओं से केवल 50 फीसदी किराया लेने की घोषणा की थी। यह फैसला अब एक जुलाई से लागू होने जा रहा है। सभी जिला मुख्यालयों, बस स्टैंडों में एलईडी के माध्यम से हुआ कार्यक्रम का प्रसारण 'नारी को नमन' कार्यक्रम के तहत सभी जिला मुख्यालयों और बस स्टैंडों में भी गुरुवार को ही कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी जिला मुख्यालयों, बस स्टैंडों पर एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिसमें धर्मशाला के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। शिमला में आईएसबीटी टूटीकंडी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



# मूसेवाला के पूर्व मैनेजर की याचिका पर पंजाब सरकार से जवाब तलब, स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के भी आदेश


**पंजाब।** विक्की मिड्डूखेड़ा हत्याकांड में आरोपी और सिद्धू मूसेवाला के पूर्व मैनेजर शगनप्रीत सिंह ने अपनी सुरक्षा और अग्रिम जमानत के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में दो याचिका दाखिल की थी। उन दोनों याचिकाओं पर गुरुवार को हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है, साथ ही मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के भी आदेश दे दिए हैं। शगनप्रीत सिंह ने मंगलवार को हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की थीं। शगनप्रीत सिंह ने वरिष्ठ वकील विनोद घई और एडवोकेट कनिका अहुजा के जरिये दोनों याचिकाएं दायर की हैं। एक याचिका में शगनप्रीत ने अपनी जान को खतरा बताया और पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग की है। शगनप्रीत ने गैंगस्टर लॉरेंस बिशनेई और गोल्डी बराड़ से खतरा बताया और सुरक्षा की मांग की है। शगनप्रीत सिंह का कहना है कि लॉरेंस बिशनेई और गोल्डी बराड़ गैंग ने ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाई है और अब ये दोनों उसकी हत्या भी करवा सकते हैं। वहीं दूसरी याचिका में शगनप्रीत ने पिछले साल विक्की मिड्डूखेड़ा की हत्या मामले में अग्रिम जमानत की मांग की थी। उसने कहा था कि वह इस मामले की जांच में शामिल होने को तैयार है, ऐसे में उसे इस मामले में अग्रिम जमानत दी जाए।




# नोएडा प्राधिकरण की पोल खोल दी नोएडा की पहली बरसात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सैक्टर 19 में मौसम की पहली बरसात में ही सड़कों व घरों में भारी जल भराव हो गया । सैक्टर 19 के मध्य में होकर गुजर रहे गंदे नाले का गंदा पानी नाले से जुड़ी नालियों के माध्यम से वापस आकर सैक्टर में भर गया है। निवासी त्राहि त्राहि कर रहे है और नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल 2 के संबंधित अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही । ये प्रति वर्ष ऐसे ही होता है और बार बार अनुरोध के बाद भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी नाले के इस पानी को सैक्टर में आने से रोकने के लिए लगे बाल्वों को बंद करने का कोई प्रबंध नहीं करते । नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की घोर लापरवाही का खामियाजा निवासी भुगत रहे हैं । उक्त जानकारी आर डब्लू ए अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, व महासचिव रोहित श्रीवास्तव ने दी है।



# बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए नुनवान आधार शिविर से पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा गुरुवार को शुरू हो गई है। सुबह 2,750 तीर्थयात्रियों का जत्था पहलगाम के नुनवान आधार शिविर से पवित्र गुफा में विराजमान बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस दौरान बम-बम भोले, जय बाबा बर्फानी, हर हर महादेव के जयघोष वादियों में गूंजे। अनंतनाग जिला उपायुक्त पीयूष सिंगला ने तीथर्यात्रियों को नुनवान आधार शिविर से झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला उपायुक्त ने कहा कि 43 दिवसीय तीथर्यात्रा के संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को जम्मू आधार शिविर से 4,890 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई थी। उन्होंने कहा कि इस साल तीर्थयात्रा में सामान्य से अधिक उपस्थिति की उम्मीद है।वहीं, दोमेल-बालटाल से भी तीथर्यात्रियों का पहला जत्था सुबह बाबा बर्फानी के दर्शन के रवाना हुआ। आयुक्त सचिव राजस्व विजय कुमार बिधूड़ी ने आज सुबह करीब पांच बजे तीथर्यात्रियों के पहले जत्थे को दोमेल-बालटाल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दोमेल-बालटाल से सुबह बजे तक कुल 6,215 भोले बाबा के भक्त यात्रा के लिए रवाना हुए। तीथर्यात्रा के लिए भारी संख्या में सुरक्षाकमिर्यों को तैनात किया गया है। बालटाल और पहलगाम मार्गों पर सुरक्षा कड़ी की गई है। इसके अलावा ड्रोन और आरएफआईडी चिप्स की मदद से तीथर्यात्रियों के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को राजभवन में श्री अमरनाथ यात्रा के शुरुआत के अवसर पर बाबा बर्फानी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने सभी के लिए शांति, सुख और समृद्धि की प्रार्थना की।



# बजट सत्र के अंतिम दिन अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रस्ताव होगा पेश

पंजाब विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन आज केंद्र सरकार की अगिन्पथ योजना के विरोध में प्रस्ताव लाया जाएगा। मंगलवार को सदन में शून्यकाल के दौरान विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को जवाब देते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा था कि अगिन्पथ योजना राजग सरकार का एक तर्कहीन और अनुचित कदम है जो भारतीय सेना के बुनियादी स्वरूप को नष्ट कर देगा।बुधवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एलान किया था कि राज्य सरकार विधानसभा चुनाव से पहले जनता को दी गई गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। इसी कड़ी में मुफ्त बिजली की गारंटी पूरी करने के बाद अब अगली गारंटी के रूप में पंजाब की महिलाओं को 1000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में बजट प्रस्ताव पर बहस के बाद सरकार की तरफ से जवाब देते समय मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय मामलों में वित्त मंत्री ने सरकार का रोडमैप पेश किया है। उन्होंने कहा कि पूरे सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से महिलाओं को 1000 रुपये देने का मुद्दा उठाया जाता रहा। इस गारंटी को लागू करने पर होने वाले खर्च और पंजाब की आय बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है।



# हिंदी न बोल पाने वालों पर भड़कीं सोना महापात्रा

**नई दिल्ली।** बाल शिव फेम शिव्या पठानिया ने हाल ही में इंडस्ट्री को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। अभिनेत्री ने अपने साथ हुए कास्टिंग काउच के अनुभव को साझा किया। मनोरंजन की जगत की दिनभर हुईं ऐसी तमाम खबरों के लिए पढ़ते रहे यह एंटरटेनमेंट लाइव अपडेट- साउथ अभिनेता सूर्या ने एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज के प्रस्ताव को 'विनम्रता' से स्वीकार कर लिया है। अभिनेता को एकेडमी ने ऑस्कर समिति में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। सूर्या अपनी हालिया फिल्मों सोरारई पोट्रु और जय भीम की अंतरराष्ट्रीय हपहचान के बाद ऑस्कर समिति में आमंत्रित होने वाले पहले दक्षिण भारतीय अभिनेता बन गए हैं। सोना महापात्रा ने हाल ही में हिंदी ना बोल पाने वाले बॉलीवुड कलाकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये 'शर्म की बात' है कि बॉलीवुड के कुछ अभिनेता हिंदी फिल्म उद्योग में काम करने के बावजूद हिंदी में पारंगत नहीं हैं।



# आलिया से पहले इन एक्ट्रेस ने भी प्रेग्नेंसी के दौरान उठाया यह कदम लिस्ट में कई नाम शामिल

**नई दिल्ली।** इस साल 14 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधे आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। बॉलीवुड के इस पॉपुलर कपल ने 27 जून को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अपनी इस खुशखबरी का एलान किया है। इस खबर के आने के बाद से ही उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लग गया है। जहां इंडस्ट्री से लेकर फैंस सुपरस्टार अजय देवगन की पतनी और सफल अभिनेत्री काजोल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। जब उनका दूसरा बच्चा युग इस दुनिया में आने वाला था, तब वह फिल्म 'वी आर फैमिली' की शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म में उनके साथ अर्जुन रामपाल और करीना कपूर भी मुख्य भूमिका में थे। काजोल ने प्रेगनेंसी में न सिर्फ फिल्म की शूटिंग की थी, बल्कि फिल्म का प्रमोशन भी



तक सभी इस गुड न्यूज को सुनकर खुशी से झूम उठे हैं, वहीं आलिया भट्ट हॉलीवुड में अपनी डेब्यू फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह इस समय फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा उन्हें अपनी आगामी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का प्रमोशन भी करना है। वह अपने इस व्यस्त शेड्यूल में अपनी प्रेगनेंसी को आड़े नहीं आने देंगी। लेकिन आलिया ऐसी पहली अभिनेत्री नहीं है, जिन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान काम करना तय किया है। तो आइए जानते हैं कपूर खानदान की बहू से पहले बॉलीवुड की कौन-कौन सी अभिनेत्रियों ने प्रेगनेंसी के दौरान काम किया है। कपूर खानदान की बहू से पहले इस परिवार की छोटी बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री बेबो यानी करीना कपूर खान ने भी अपने प्रेगनेंसी के दौरान काम किया है। फिल्म 'वीरे द वेडिंग' की शूटिंग के दौरान वह प्रेगनेंट थीं। वह तैमूर को जन्म देने वाली थीं, इस समय उन्होंने काम किया। फिल्मों के साथ-साथ वह कई फैशन शो और कई एड शूट्स में भी नजर आईं थी। इतना ही नहीं अपने छोटे बेटे 'जेह' के समय वह फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग कर रही थीं। बॉलीवुड किया था। नए जमाने में ऐसा करना आम बात है, लेकिन पुराने टाइम में यह सब करना थोड़ा अजीब बात थी। लेकिन महानायक अमिताभ बच्चन की पतनी जया बच्चन ने उस समय में प्रेगनेंसी के समय काम किया था। जया जब अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली थीं तब वह फिल्म 'शोले' की शूटिंग कर रही थीं। जया बच्चन ने फिल्म 'शोले' की शूटिंग करने के बाद श्वेता बच्चन को जन्म दिया था। कॉमेडी क्वीन और एक्ट्रेस भारती सिंह ने अभी कुछ ही समय पहले अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। उन्होंने अपने बेबी बॉय को जन्म देने के समय तक काम किया। भारती ने अपनी प्रेगनेंसी में रियलिटी शो 'हुनरबाज' और 'खतरा खतरा' को होस्ट किया था। इसके साथ ही भारती सिंह ने बेटे को जन्म देने के 12 दिन बाद काम पर वापसी कर ली थी। टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम दयाबेन उर्फ दिशा वकानी ने भी अपनी प्रेगनेंसी के दौरान काम किया था। दिशा वकानी ने अपनी प्रेगनेंसी के आखिरी समय तक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की शूटिंग की थी।

# जुग जुग जियो' ने पूरा किया अर्धशतक, जानें 'विक्रम' और '777 चार्ली' का कैसा रहा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्में दर्शकों का मनोरंजन के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार करने की भी उम्मीद रखती है। हर शुक्रवार रिलीज होने वाली इन फिल्मों में से कई अपनी उम्मीदों पर खरी उतरती हैं तो वहीं कई को काफी कम में ही संतुष्ट होना पड़ता है। ऐसा ही कुछ बीते दिनों रिलीज हुआ फिल्मों में के साथ देशरकने को मिला। हालिया रिलीज फिल्म जुग जुग जियो इन दिनों ऑफिस पर धमाल मचा रही है तो वहीं यश की फिल्म 'केजीएफ 2' की वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से विदाई हो चुकी है। दूसरी तरफ कार्तिक और कियारा की फिल्म भूल भुलैया भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है। तो आइए जानते हैं इन फिल्मों की बुधवार को हुई कमाई के बारे में- वरुण धवन, कियारा आडवाणी, नीतू कपूर और अनिल कपूर स्टारर फिल्म जुग जुग जियो बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिल प्रतिक्रिया की वजह से ही फिल्म ने छह जिन में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। 24 जून को रिलीज हुई इस फिल्म की छठवें दिन हुई कमाई की बात करें तो जुग जुग जियो ने अपने पहले बुधवार को चार करोड़ रुपये का कारोबार किया है। रक्षित शेट्टी स्टारर कनन्ड़ फिल्म '777 चार्ली' की कहानी और किरदार दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। हालांकि, बावजूद इसके फिल्म काफई धीमी गति से कमाई कर रही है। 20वें दिन हुए फिल्म की कमाई के बारे में बात करें तो 777 चार्ली ने अपने रिलीज के तीसरे बुधवार को करीब 80 लाख रुपये का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब इस फिल्म ने अभी तक कुल ने अपने 19वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 0.80 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। 10 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फिल्म ने अब तक 75.70 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।साउथ सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म विक्रम भले ही हिंदी पट्टी पर कुछ कमाल नहीं दिखआ पाई हो, लेकिन घरेलू बाजार में यह फिल्म काफी अच्छा प्रदर्श कर रही है। फिल्म 'विक्रम' ने 27वें दिन बॉक्स ऑफिस पर करीब एक करोड़ रुपये अपनी झोली में डाले। इसके साथ ही देशभर में अब फिल्म की कुल कमाई आंकड़ा 235.96 करोड़ के आसपास पहुंच गया है




# इस शुक्रवार बड़े पर्दे पर होगी दो वैज्ञानिक के बीच टक्कर, कौन मारेगा बॉक्स ऑफिस पर बाजी

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर अक्सर शुक्रवार को एक दो फिल्मों के बीच टक्कर हो ही जाती है। इनमें कोई बाजी मार ले जाती है तो कोई मात खा जाती है, लेकिन इस बार टिकट खिड़की पर ये भिड़ंत जरा हटकर होने जा रही है। इस बार बड़े पर्दे पर जो दो फिल्में रिलीज होने जा रही हैं उनका एक दूसरे से खास कनेक्शन है। दोनों फिल्मों का यह जुड़ाव जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। तो आइए जानते हैं आखिर दोनों फिल्मों के बीच कौन सी चीज कॉमन है। ऊपर की लाइन पढ़कर अगर आपको भी दोनों फिल्मों के बीच कनेक्शन जानने की उत्सुकता है तो हम इस राज से पर्दा उठा देते हैं। दरअसल, बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार को आर माधवन की 'रॉकेट्रीः द नांबी इफेक्ट' रिलीज हो रही है। वहीं, इसके साथ आदित्य रॉय कपूर की फिल्म 'राष्ट्र कवच ओम' भी सिल्वर स्क्रीन पर दस्तक दे रही है। दोनों ही फिल्मों में समानता ये है कि दोनों की कहानी भारतीय वैज्ञानिक के इर्द गिर्द बुनी गई है। रॉकेट्री में माधवन मशहूर वैज्ञानिक नांबी नारायण की भूमिका में हैं जबकि आदित्य की फिल्म में जैकी श्रॉफ भारतीय वैज्ञानिक का किरदार निभा रहे हैं। जहां एक ओर माधवन की फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं वहीं दूसरी फिल्म पूरी तरह से काल्पनिक है। एक जुलाई को रिलीज होने वाली दोनों फिल्मों की यूं तो टारगेट ऑडियंस काफी अलग है लेकिन फिर अगर दोनों की तुलना करें तो 'रॉकेट्री' 'राष्ट्र कवच ओम' पर भारी पड़ सकती है। इसकी दो वजह है। पहली वजह माधवन जैसे संजीदा एक्टर जो शानदार कहानी के आधार पर फिल्मों का चयन करते हैं और दूसरी ये कि फिल्मों में कई बड़े सितारों की मौजूदगी इसे निर्णायक बढ़त दिला सकती है। हालांकि आदित्य की फिल्म में भी वो सारे मसाले मौजूद है जो किसी भी फिल्म को हिट बनाने का दम रखते हैं। माधवन की फिल्म रिलीज से पहले ही काफी सुखियां बटोर चुकी है। देश ही नहीं यह विदेश में झंडे गाड़ चुकी है। कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के बाद इस फिल्म के लिए लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाई जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस फिल्म से माधवन निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं राष्ट्र कवच ओम का निर्देशन कपिल वर्मा ने किया है। कपिल इससे पहले कई फिल्मों में बतौर सहायक काम कर चुके हैं। यह उनकी भी डेब्यू फिल्म है।




# ओम के निर्देशक की यहां पढिए पूरी जन्मकुंडली, एक्शन का डीएनए और मेहनत कैमरा उठाकर भागने की

**नई दिल्ली।** जब बॉलीवुड में कोई फिल्म रिलीज होती है और हीरो पर्दे पर एंट्री करता है, तो हर तरफ तालियां बजती हैं, लेकिन कलाकारों को सिनेमा के हाशिए पर लाकर खड़ा करने की पीछे उतनी ही मेहनत एक निर्देशक की भी होती है। खास सीवक्वेंस, दमदार दृश्य के लिए पर्दे के पीछे काम करने वाले लोगों जैसे कैमरा मैन, लाइट मैन की भी कड़ी मेहनत का नतीजा होता है, तब कही जाकर कोई फिल्म सुपर हिट कहलाती है। ऐसी ही कुछ कहानी है फिल्म 'ओमः द बैटल विदिन' के निर्देशक कपिल वर्मा की। जो एक फेमस स्टंट डायरेक्टर के बेटे हैं। हालांकि अपने निर्देशक बनने तक के साथ ही फिल्मों में उन्होंने बतौर स्टेडी कैम ऑपरेटर भी काम किया है, जो बेहद मुश्किल होता है। क्योंकि एक भारी-भरकम कैमरा अपने शरीर पर बांधकर भागना किसी के लिए भी आसान नहीं होता है। तो चलिए जानते हैं निर्देशक कपिल वर्मा की पूरी कहानी। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर की फिल्म 'ओमः द बैटल विदिन को निर्देशित करने वाले कपिल वर्मा के पिता टीनू वर्मा भी खुद एक जाने-माने स्टंट डायरेक्टर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बतौर अभिनेता, कहानीकार और निर्माता रहते हुए भी हिंदी सिनेमा में काफी काम किया है। जानकारी के लिए बता दें कि कलर्स टीवी के शो कर्मफल दाता शनि में वह दैत्य गुरू शुक्रचार्य की भूमिका में हैं। ऐसे में एक्शन तो कपिल वर्मा को अपने पिता से विरासत में मिला है। हालांकि फिर भी कपिल वर्मा का सफर इतना आसान नहीं रहा है। फिल्म 'ओमः द बैटल विदिन' मैं बतौर निर्देशक जबरदस्त एक्शन दृश्यों के फिल्मानें वाले कपिल वर्मा ने एक नहीं बल्कि कई फिल्मों में स्टेडी कैम ऑपरेटर का काम किया है, जिनमें कई जाने-माने आर्टिस्ट नजर आए हैं। जानकारी के मुताबिक- कपिल वर्मा ने फिल्म 'बागी 3', 'कबीर सिंह', 'डैडी', 'दम लगा के हईशा' जैसी फिल्मों में स्टेडी कैम ऑपरेटर बनकर काम किया है इसके अलावा वह कई फिल्मों में कैमरा ऑपरेटर, सेकेंड यूनिट फोटोग्राफी निर्देशक भी रह चुके हैं। फिलहाल सवाल उठता है कि आखिर ये स्टेडी कैम ऑपरेटर होता क्या है तो चलिए बताते हैं। बता दें कि स्टेडी कैम ऑपरेटर एक ऐसा व्यक्ति होता है जिसके ऊपर कैमरा को लेकर फुटेज कैप्चर करने की जिम्मेदारी होती है।



# 14 साल में इतनी बदल गई हैं बालिका वधू की छोटी सी आनंदी, देखिए अविका गौर की अब और पहले की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साल 2008 में कलर्स टीवी के सीरीयल 'बालिका वधू' में आनंदी का किरदार निभाने वाली अविका गौर ने अपनी चुलबुली और मासूमियत भरी बातों से लोगों के दिलों में अलग खास पहचान बनाई थी। इसके बाद भी अविका ने कई सीरियल्स में काम करके टीवी की दुनिया में खूब नाम कमाया है। 30 जून यानी आज अविका गौर अपना 24 वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। तब से लेकर अब तक अविका गौर के लुक में भी काफी बदलाव देखने को मिला है। छोटी सी आनंदी क्यूट अब बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस लगती हैं। तो चलिए देखते हैं उनकी अब की और पुरानी तस्वीरें। साल 2008 में बालिका वधू में अविका गौर बेहद छोटी थीं और इस सीरियल में उन्होंने एक ऐसी लड़की का किरदार अदा किया था, जिसकी शादी बचपन में ही हो जाती है। इस सीरियल को राजस्थान की पृष्ठ भूमि पर दिखाया गया था, इसलिए सभी कलाकारों समेत अविका भी भारी गहनों और लंहगा चुनरी में दिखाई देती थीं। बालिका वधू के बाद अविका गौर साल 2011 में ससुराल सिमर का सीरियल से भी काफी फेमस हुईं। इस सीरियल में उन्होंने दीपिका कक्कर यानी सिमर की बहन रोली का किरदार अदा किया था। इस समय भी अविका काफी छोटी थीं। तब से अब तक उनका लुक पूरी तरह बदल चुका है।ससुराल सिमर का सीरियल आगे बढ़ने के बाद इसमें अविका गौर की शादी भी दिखाई गई। हालांकि बेहद कम उम्र में भी एक बहू और शादी-शुदा महिला का किरदार अविका ने बखूबी अच्छी तरह से निभाया और मनीष राय शिंघन संग उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया। इस सीरियल से ही एक्ट्रेस की पॉपुलैरिटी में और ज्यादा इजाफा देखने को मिला।अविका गौर ने सीरियल्स के अलावा कई रियलिटी शौज जैसे 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी सीजन 9', बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन 2! इन शोज में भी उनके लुक में काफी बदलाव देखने को मिला। इसके अलावा अब वह बॉलीवुड में भी अपनी नई पारी खेलने के लिए तैयार हैं। फिलहाल अपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर करती हैं।अविका गौर ने अपनी वेट लॉस जर्नी भी साझा की थी, दरअसल एक समय में उनका वजन बेहद बढ़ गया था। इसके बाद अविका ने बताया था कि उन्होंने अपने वर्क आउट पर ध्यान देना बंद कर दिया था, लेकिन जब उन्हें इसका एहसास हुआ तो उन्होंने जमकर मेहनत की और उनकी मेहनत रंग लाई। अब की तस्वीरों में वह बेहद ग्लैमरस और फिट नजर आती हैं।



# मिलिए उस सितारे से जिसके लिए महीनों बजती रही निर्देशक आशुतोष गोवारिकर के फोन की घंटी

**नई दिल्ली।** बड़ी फिल्मों के छोटे किरदार अपने अभिनय से अपनी अमिट छाप छोड़ जाते हैं। किरदार ही उनकी पहचान बनकर रह जाता है। लेकिन, कभी ऐसा भी होता है लोगों को किरदार तो उस नाम से याद रह जाता है लेकिन अधिकतर दर्शकों को ये पता नहीं होता कि ये किरदार किस कलाकार ने परदे पर पर निभाया है। 'हाशिये के सुपरस्टार' की तीसरी कड़ी में आज बात उस कलाकार की जिसने फिल्म 'स्वदेस' में एक यादगार रोल निभाया। फिल्म रिलीज होने के बाद इसके निर्देशक आशुतोष गोवारिकर के पास तमाम दिग्गज निर्माता, निर्देशकों के फोन आए, सिर्फ ये पता करने को उनकी फिल्म में किसान का किरदार किसने निभाया है? ये कलाकार हैं बचन पचेरा। चलिए उनकी यादों में झांकते हैं, थोड़ा उनको जानते हैं और थोड़ा उनको और अच्छे से पहचानते हैं।फिल्म 'स्वदेस' की रिलीज के बाद बचन पचेरा की मुंबई में खूब ढूंढ मची। आशुतोष गोवारिकर हर फोन करने वाले को अपनी फिल्म में किसान की भूमिका निभाने वाले बचन पचेरा का नंबर देते रहे लेकिन बचन पचेरा तब दिल्ली लौट चुके थे। और, उनका मोबाइल रिचार्ज नहीं था। बचन पचेरा बताते हैं, 'उन दिनों दिल्ली में आकर मेरे एक मित्र ने बताया कि तुम दिल्ली में हो और मुंबई में तुम्हें सब ढूंढ रहे हैं। मैं तुरंत मुंबई लौटा और आने के बाद सबसे पहले आशुतोष गोवारिकर से मिला। उन्होंने सीधे पूछा, कहां थे इतने दिनों तक। जितने फोन तुम्हारे लिए मेरे पास आया आज तक किसी के लिए नहीं आए।'फिल्म 'स्वदेस' में बचन पचेरा का एक सीन है। पूरे छह मिनट का ये सीन शाहरुख खान के साथ है और बचन बताते हैं, 'ये सीन एक ही टेक में ओके हो गया तो शाहरुख खान ने खुश होकर ताली बजाई। वह देर तक ताली बजाते रहे तो इसके बाद सेट पर मौजूद सभी लोग तालियां बजाने लगे। शाहरुख खान उस दिन वाकई खुश थे या पता नहीं लेकिन वह मेरे पास आए और बोले, सारे बचन एक जैसे ही क्यों होते है? उनका इशारा बच्चन साब की तरफ था तो मैंने उनसे हाथ जोड़कर कहा, ये क्या कह रहे हैं आप, बच्चन साहब तो बहुत बड़े कलाकार हैं, मैं तो उनके आस पास भी कहीं नहीं टिकता।'स्वदेस' के बाद बचन पचेरा का शाहरुख खान के साथ आमना सामना फिल्म 'रईस' में हुआ। बचन को उम्मीद भी नहीं थी कि शाहरुख खान को 'स्वदेस' वाली बात याद होगी। बचन बताते हैं, 'जैसे ही शाहरुख खान 'रईस' के सेट पर आए और उन्होंने मुझे देखा तो तुरंत बुलाकर अपने पास वाली कुर्सी पर बिठाया और मेरा हालचाल जानने लगे। कौन देता है चरित्र कलाकारों को इतनी इज्जत। उस दिन उन्होंने जब मुझे बुलाया और मैं उनके पास गया तो वह तुरंत उठकर खड़े हो गए और मुझए कुर्सी पर बिठाने के बाद ही बैठे। ऐसे संस्कार सिनेमा में गिने चुने लोगों के पास ही बाकी रह गए हैं।' बचन पचेरा अब करीब 150 फिल्मों में काम कर चुके हैं। इन फिल्मों में 'नायक', 'पिंजर', 'मुंबई मेरी जान', 'बॉस', 'एयरलिफ्ट', 'खुदा हाफिज', 'न्यूटन', 'ठग्स ऑफ हिन्दोस्तान' प्रमुख हैं। तमाम धारावाहिकों में भी वह नजर आ चुके हैं। एक्टिंग के बारे में बचन ने सोचा नहीं था। वह तो फिल्मों में लेखन और निर्देशन में हाथ आजमाना चाहते थे। वह कहते हैं, 'तब धर्मेंद्र का बोलबाला था। उनकी शख्सीयत के आगे मैं एक्टिंग करने की सोच भी नहीं सकता था। फिल्म 'शोले' मैंने 47 बार सिर्फ धर्मेंद्र की वजह से देखी। धर्मेंद्र जैसा स्मार्ट हिंदी सिनेमा में कोई नहीं। मुझे लगता था कि सिर्फ खूबसूरत और स्मार्ट लोग ही फिल्मों में एक्टिंग करते हैं। मुझे फिल्म लाइन में तो आना था लेकिन मैंने सोचा था कि मेरे लिए लेखन और निर्देशन ही ठीक रहेगा।' बचन परेरा ने स्कूल के दिनों से ही नाटकों में अभिनय शुरू कर दिया था। उनके बिना उनके स्कूल में नाटक नहीं होते थे। बचन बताते हैं, 'नाटकों में काम करने की प्रेरणा मुझे अपने दादा मोहन लाल से मिली जो नौटंकी में काम किया करते थे। 'निकाह', 'नगीना', 'बागबान' जैसी फिल्में लिखने वाली अचला नागर ने 1977 में मथुरा में 'रंगमहल' नाम से थियेटर ग्रुप की स्थापना की तो मैं उससे जुड़ गया। मेरा गांव मथुरा से 20 किलोमीटर दूर था। रोज गांव से मथुरा तक साइकिल से ही आना जाना होता था।' इसी बीच बचन परेरा को लुधियाना में नौकरी मिल गई। बचन बताते हैं, 'उन दिनों मुझे महीने के 750 रूपये मिलते थे। तब वह रकम इतनी बड़ी थी कि दिल खोल कर खर्चे करने के बाद भी पैसे बच जाते थे। नौकरी के साथ साथ मैंने यहां भी थियेटर ग्रुप ज्वाइन कर लियालेकिन मंजिल तो मुंबई थी तो 1982 में मैं मुंबई आ गया। मेरे गांव के पास के ही एक मित्र की जुहू चौपाटी पर पान की दुकान थी तो रात को मैं वहीं उनकी दुकान पर चौपाटी पर ही सो जाता था।'' मुंबई में पहले ब्रेक की बात चली तो बचन पचेरा बताते हैं, 'यहां मेरी पहली मुलाकात वीरेंद्र शर्मा से हुई जो दूरदर्शन के लिए करीब 100 टेलीफिल्में बना चुके थे। उन दिनों वह एक फिल्म 'नासमझ' बना रहे थे। मैं फिल्मों में लेखक और निर्देशक बनने आया था। मैंने शर्मा जी से कहा मैं कन्वेयंस (फिल्म जगत में दिहाड़ी पर काम करने वालों को शूटिंग लोकेशन तक आने जाने के लिए मिलने वाला भाड़ा) भी नहीं लूंगा। मुझे असिस्टेंट रख लीजिए। उन्होंने काम पर रख लिया लेकिन पहले दिन जब शूटिंग खत्म हुई तो सारे सहायकों को 90-90 रुपये दिए जाने लगे जिन्हें लेने से मैंने मना कर दिया। इस पर शर्माजी बोले, रुपये नहीं लोगे तो कल से मत आना। ऐसे थे उस दौर के लोग। अब तो कई मर्तबा काम कराने के बाद भी लोग पैसे नहीं देना चाहते।लेखक और निर्देशक का सपना सच न होता देख बचन परेरा इप्टा से भी जुड़े। लेकिन वहां भी मामला नहीं जमा तो वह दिल्ली आ गए।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274